दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



ट्रष्ट नो से .....ओटीटी पर रख रहीं कदम .......

खराब हिंदी की वजह से ...

ट वर्ष : 12 अंक : 255 लखनऊ, 10 सितम्बर, गुरूवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## रायबरेली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

विकास कार्यों और योजनाओं की भी समीक्षा की

# राहुल ने दिखाई डीएम को गड्ढों की फोटो सड़कों की खस्ता हालत पर मांगा जवाब

राहुल ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना फंड से पूरे हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरे को 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों और इंडिया गठबंधन की मजबूती से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं भाजपा ने उनके इस दौरे पर राजनीतिक तंज भी कसा।

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को रायबरेली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा ) की बैठक में जिले की सड़कों की खस्ता हालत का मुद्दा उठाया। उन्होंने बैठक के दौरान जिला प्रशासन को गड्ढों वाली सड़कों की तस्वीरें दिखाईं और जिलाधिकारी से सड़कों की स्थिति को लेकर जवाब मांगा।

राहुल ने जिलाधिकारी से पूछा कि जिले में सड़कों की हालत खराब क्यों है और इनके रखरखाव को लेकर क्या कार्रवाई की जा रही है? इस पर जिलाधिकारी ने बताया कि बारिश की वजह से कुछ सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इनमें से कई सड़कों की मरम्मत करा दी गई है, जबकि बाकी सड़कों की निगरानी और मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग देख रहा है। मीटिंग के दौरान राहुल गांधी ने रायबरेली में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय स्तर पर विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। कामों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।

### बैठक के दौरान विकास से जुड़े मुद्दों पर अधिकारियों से जानकारी भी ली



### बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से भी मिले

इससे पहले राहुल गांधी का काफिला कोटवा मदानिया के पास कुछ देर रुका था, जहां बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। इसके बाद उनका काफिला महाराजगंज होते हुए जिला मुख्यालय पहुंचा था।

### कामों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया

### राहुल ने अन्य लोगों की भी समस्याएं सुनी

राहुल 2 दिवसीय दौरे पर मंगलवार को संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे थे। दौरे के दौरान उन्होंने व्यापारियों, वकीलों, फार्मासिस्टों और अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडलों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और समाधान के प्रयास किए जाएंगे। राहुल ने प्रभु टाउन में व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान सराफा कारोबारियों ने सोने-चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी और आभूषणों पर लगने वाले जीएसटी समेत कारोबार से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं।

### भाजपा का साथ देने की सजा भुगत रहा व्यापारी

राहुल ने प्रधानमंत्री की हालिया आभूषण न खरीदने संबंधी अपील को गैरजरूरी बताते हुए कहा कि मंदी और महंगाई से जूझ रहे व्यापारियों के लिए ऐसे बयानों से चिंता और बढ़ती है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भाजपा का समर्थन करने वाला व्यापारी वर्ग आज उसकी नीतियों से परेशान है और एक तरह से भाजपा का साथ देने की सजा भुगत रहा है।

## वे टीआरपी बढ़ाने आए, दिल्ली से आए 3 लोग दे रहे थे लिखकर पर्ची



उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस सांसद की 'दिशा' की बैठक पर कहा कि सब कोई जानता है कि राहुल गांधी रायबरेली के विकास के लिए नहीं आते हैं, अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए आते हैं। दिशा की बैठक में पूरे अनुसरण के दौरान हमने देखा कि राहुल को दिल्ली से आए हुए 3 लोग पर्ची लिखकर दे रहे थे। जितना उन्हें दिया जा रहा था, वे केवल उतना ही बोल पा रहे थे। अगर हमारी सरकार के अधिकारी और कर्मचारी को आपको बताना पड़ा कि किस योजना में क्या होता है तो आप अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने (राहुल गांधी) एक अधिकारी से पूछा कि बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ कार्यक्रम में होता क्या है? प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा अथवा भारत सरकार के द्वारा, राहुल को रायबरेली के विकास को गति देने की जिम्मेदारी दी गई है। जब उन्हें योजना के बारे में पता ही नहीं है तो वे उसका अनुसरण क्या करेंगे?

### योगी के मंत्री ने किया पलटवार

दिनेश प्रताप का हमला

## जम्मू कश्मीर राष्ट्रगीत पर विवाद

# कांग्रेस को इससे लगी मिर्ची तो एनसी ने कहा- शर्तें मत थोपो

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का पूरा संस्करण बजाने को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने आपत्ति जताते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं ने देश के धर्मनिरपेक्ष और समावेशी चरित्र को ध्यान में रखते हुए इसके एक विशेष संस्करण को अपनाया था। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, राजेंद्र प्रसाद, आचार्य नरेंद्र देव, मौलाना आजाद, सरोजिनी नायडू और जे.बी. कृपलानी जैसे स्वतंत्रता सेनानियों का निर्णय अहम है। पार्टी ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह का भी उल्लेख किया। सहयोगी दलों को उसी संस्करण को गाना चाहिए, जिसे उस समय अपनाया गया था। इसके जवाब में तनवीर सादिक ने कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और तेलंगाना के रेवंत रेड्डी के वे वीडियो पोस्ट किए हैं। दोनों पूरे वर्जन के दौरान खड़े दिखे।



## उपराष्ट्रपति का अरुणाचल प्रदेश दौरा

# अरुणाचल देश का अभिन्न अंग पूर्वोत्तर विकास का प्रमुख इंजन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत की एकता का अभिन्न हिस्सा है और प्रधानमंत्री की 'एक्ट ईस्ट नीति से मिली गति के कारण पूर्वोत्तर क्षेत्र देश के विकास का प्रमुख इंजन बनकर उभर रहा है। विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य भारत की सीमाओं का एक गौरवशाली प्रहरी है और इसका विकास देश की प्रगति से गहराई से जुड़ा हुआ है। अरुणाचल सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य है और इसमें 'असीम संभावनाएं' हैं। केंद्र सरकारों ने समय-समय पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को लगातार अधिक प्राथमिकता दी है। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय का गठन किया था। प्रधानमंत्री की नीति और पूर्वोत्तर के 8राज्यों को 'अष्ट लक्ष्मी' बताना इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दर्शाता है।



## फैन ठीक करते समय बिजली का झटका लगने से 23 वर्षीय युवक की मौत

वसई। घर में खराब सीलिंग फैन को ठीक करना एक 23 वर्षीय युवक को भारी पड़ गया। फैन की मरम्मत के दौरान बिजली का जोरदार झटका लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवराज रामअवतार चौरसिया (23) के रूप में हुई है ।मिली जानकारी के अनुसार, शिवराज रामअवतार चौरसिया अपने घर में खराब सीलिंग फैन को नीचे उतारकर उसकी मरम्मत कर रहा था। इस दौरान उसने एक दूसरी इलेक्ट्रिक वायर का एक सिरा पत्रे की दीवार पर लगे इलेक्ट्रिक सॉकेट से और दूसरा सिरा फैन की मोटर से जोड़ दिया। इसी दौरान उसे जोरदार बिजली का झटका लगा और वह नीचे गिर पड़ा। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया।

## तमिलनाडु, आंध्र , कर्नाटक और तेलंगाना में 5 रेल परियोजनाएं मंजूर

# आवाजाही होगी आसान, रोजगार-स्वरोजगार बढ़ेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को रेल मंत्रालय की लगभग 10,021 करोड़ रकी लागत वाली 5 परियोजनाओं को मंजूरी दी। इससे लाइन क्षमता में वृद्धि से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बेहतर होगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'न्यू इंडिया' के विजन के अनुरूप हैं, जिसके तहत क्षेत्र के व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा और रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

## दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बेहतर होगी



### रेलवे नेटवर्क में 540 किलोमीटर की वृद्धि होगी

तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के 17 जिलों को कवर करने वाली ये पांच परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 540 किलोमीटर की वृद्धि करेंगी। स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 2,121 गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

### माल ढुलाई यातायात में 47 एमटीपीए बढ़ेगा

स्वीकृत क्षमता वृद्धि से देश के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इनमें तिरुपति, सुब्रमण्य स्वामी मंदिर , श्री पद्मावती अम्मावारी मंदिर , कोटिलिंगेश्वर देवालय, श्री सीथी ब्यारेस्वरा स्वामी मंदिर, बंगारू तिरुपति, स्वर्णगिरि मंदिर आदि शामिल हैं। इन कार्यों से अतिरिक्त माल ढुलाई यातायात में 47 एमटीपीए की वृद्धि होगी।

### इन पर होगा काम

- अरक्कोनम – रेनीगुंटा तीसरी और चौथी लाइन – 77 किमी
- व्हाइटफील्ड – बेंगलुरु तीसरी और चौथी लाइन – 47 किलोमीटर
- होसुर – ओमलूर दोहरीकरण – 147 किलोमीटर
- सलेम – करूर – डिंडीगुल दोहरीकरण – 159 किलोमीटर
- सिकंदराबाद (घाटकेसर) – काजीपेट मल्टी–ट्रैकिंग – 110 किलोमीटर

# सम्पादकीय

## पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षाः भाजपा के लिए कहीं भारी न पड़ जाए 'अपनों' की नाराजगी

जिन कंधों पर चढ़कर संगठन सत्ता के शिखर तक पहुंचा, क्या वही कंधे अब बोझ समझे जाने लगे हैं?



लेखक ---- डॉ0 राज कुमार सिंह चौहान

हिंदी दैनिक ' अमन लेखनी ' लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत है। सत्ता का विस्तार, संगठन की व्यापकता और चुनावी रणनीति की सफलता भाजपा की उपलब्धियों का प्रमाण है। लेकिन राजनीति में सबसे बड़ा खतरा बाहर का विरोधी नहीं, बल्कि भीतर पैदा होने वाली वह खामोशी होती है, जिसकी आवाज समय रहते नेतृत्व तक नहीं पहुंचती।

आज भाजपा के सामने ऐसा ही एक सवाल तेजी से खड़ा हो रहा है—क्या पार्टी के पुराने, वरिष्ठ और संघर्षशील कार्यकताओं को वह सम्मान और महत्व मिल रहा है, जिसके वे हकदार हैं?

यह सवाल किसी एक प्रदेश, जिले या विधानसभा क्षेत्र का नहीं है। यह सवाल भाजपा के उस विशाल कार्यकर्ता वर्ग की बेचैनी से जुड़ा है जिसने पार्टी को उस दौर में सींचा, जब सत्ता उसकी पहुंच से बहुत दूर थी।

संघर्ष किसी और का, अवसर किसी और का?

भाजपा के विस्तार की कहानी केवल बड़े नेताओं की कहानी नहीं है। इसके पीछे वे हजारों कार्यकर्ता हैं जिन्होंने साइकिल, मोटरसाइकिल और पैदल गांव-गांव जाकर संगठन का झंडा पहुंचाया। जिन्होंने बूथों पर बैठकर मतदाता सूची बनाई, घर-घर संपर्क किया, आंदोलनों में लाठियां खाईं, मुकदमे झेले और विपरीत राजनीतिक परिस्थितियों में भी पार्टी का झंडा नीचे नहीं होने दिया। तब उनके पास न पद था, न सत्ता का आकर्षण और न राजनीतिक भविष्य की कोई गारंटी। उनके पास केवल एक विश्वास था—एक दिन भाजपा मजबूत होगी।

आज वह दिन आ गया है। भाजपा मजबूत है, सत्ता में है और देश की राजनीति को दिशा देने की स्थिति में है। लेकिन इसी मुकाम पर यदि वही पुराना कार्यकर्ता स्वयं को हाशिये पर खड़ा महसूस करने लगे, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर संगठन की सफलता का लाभ उस कार्यकर्ता तक कितना पहुंचा जिसने इस सफलता की नींव रखी थी?

### नए चेहरे आएं, लेकिन पुराने चेहरे मिटाए क्यों जाएं?

समय बदलता है, राजनीति बदलती है और संगठन भी बदलते हैं। युवाओं को आगे लाना आवश्यक है। नए सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व देना लोकतांत्रिक राजनीति की जरूरत है। नए नेतृत्व को अवसर मिलना भी चाहिए। लेकिन नए पौधे लगाने के लिए पुराने वृक्ष काटना जरूरी नहीं होता। भाजपा यदि नए चेहरों को आगे बढ़ा रही है तो यह स्वागत योग्य है, लेकिन इसके साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि पुराने कार्यकताओं को यह एहसास न हो कि उनकी राजनीतिक उपयोगिता समाप्त हो चुकी है। जिस कार्यकर्ता ने तीस-चालीस वर्ष संगठन को दिए हों, उसके अनुभव की तुलना किसी नए चेहरे की तात्कालिक लोकप्रियता से नहीं की जा सकती। नया चेहरा चुनाव जीत सकता है, लेकिन पुराना कार्यकर्ता संगठन को समझता है।

### पद नहीं, सम्मान चाहिए

पुराने कार्यकताओं की शिकायत का अर्थ यह नहीं कि हर वरिष्ठ कार्यकर्ता को टिकट चाहिए या हर व्यक्ति पदाधिकारी बनना चाहता है। असली पीड़ा कहीं अधिक गहरी है।

वह है—सम्मान की कमी।

कार्यकर्ता चाहता है कि नेतृत्व उसे पहचाने। उसकी बात सुने। महत्वपूर्ण अवसरों पर उसे याद करे। उसकी वर्षों की मेहनत को केवल 'पुराना रिकॉर्ड' मानकर किनारे न कर दे। कई बार एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को कोई पद नहीं चाहिए होता, उसे केवल इतना चाहिए कि जब संगठन की महत्वपूर्ण बैठक हो तो उसकी कुर्सी भी लगी हो। उसे केवल इतना चाहिए कि जिसने कभी उसके साथ बूथ पर बैठकर नारे लगाए थे, वह आज सत्ता में पहुंचने के बाद उसे पहचानने से इनकार न करे।

राजनीति में इससे बड़ा सम्मान और क्या होगा?

### चुनावी मशीनरी नहीं, भावनाओं से चलता है संगठन

भाजपा का संगठनात्मक मॉडल उसकी सबसे बड़ी ताकत माना जाता है। बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यकताओं की श्रृंखला पार्टी को चुनावी मजबूती देती है। लेकिन बूथ केवल आंकड़ों से नहीं चलता। बूथ पर वही कार्यकर्ता रात-दिन मेहनत करता है जिसे संगठन से भावनात्मक जुड़ाव हो। जिस दिन कार्यकर्ता यह सोचने लगे कि ह्लमेरी जरूरत केवल चुनाव के समय हैह्व, उसी दिन संगठन और कार्यकर्ता के बीच का रिश्ता कमजोर होना शुरू हो जाता है। चुनाव के समय बड़े-बड़े मंच सज सकते हैं, हेलीकॉप्टर उतर सकते हैं, बड़े नेता भाषण दे सकते हैं—लेकिन मतदाता के दरवाजे तक पहुंचने का काम अंततः वही कार्यकर्ता करता है जो वर्षों से उस मोहल्ले और गांव को जानता है। इसलिए कार्यकर्ता की नाराजगी को छोटी बात समझना राजनीतिक भूल होगी।

### टिकट वितरण से बड़ा प्रश्न है राजनीतिक भविष्य

भाजपा में टिकट के दावेदारों की संख्या हमेशा अधिक रहती है। हर किसी को टिकट मिलना संभव नहीं। टिकट न मिलना और उपेक्षित महसूस करना दो अलग-अलग बातें हैं। टिकट न मिलने वाला कार्यकर्ता यदि यह मानता है कि संगठन ने उसे अवसर नहीं दिया, लेकिन सम्मान दिया है, तो वह अगले दिन भी पार्टी के लिए काम कर सकता है। लेकिन यदि उसे लगे कि निर्णय पहले ही कहीं और हो चुके हैं और वर्षों की उसकी मेहनत का कोई मूल्य नहीं, तो उसके भीतर सवाल जन्म लेते हैं। और राजनीति में सवाल जब भीतर दबे रहते हैं तो वे एक दिन परिणामों में दिखाई देते हैं।

### 'आयातित राजनीति' बनाम 'संघर्ष की राजनीति'

भाजपा के विस्तार के साथ दूसरी विचारधाराओं और दलों से आने वाले अनेक नेताओं और कार्यकताओं को पार्टी में स्थान मिला है। राजनीति में विस्तार के लिए यह स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन यहां संगठन को एक महीन रेखा का ध्यान रखना होगा। बाहर से आने वाले नेताओं का स्वागत हो, पर घर के पुराने सदस्यों को दरवाजे पर खड़ा करके नहीं। जो व्यक्ति कल तक भाजपा की आलोचना करता था और आज भाजपा में आकर महत्वपूर्ण भूमिका प्राप्त कर लेता है, वहीं दूसरी ओर वह कार्यकर्ता जिसने दशकों तक पार्टी के लिए संघर्ष किया, यदि केवल दर्शक बनकर रह जाए—तो स्वाभाविक रूप से उसके मन में प्रश्न उठेगा। पार्टी को यह अंतर समझना होगा कि राजनीतिक विस्तार और संगठनात्मक विस्थापन एक ही बात नहीं हैं।

### नेतृत्व के लिए खतरे की घंटी

किसी भी राजनीतिक दल में कार्यकताओं की नाराजगी को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। महत्वाकांक्षा राजनीति का स्वाभाविक हिस्सा है। लेकिन नाराजगी को संवाद से संभाला जा सकता है। भाजपा नेतृत्व के लिए आज सबसे आवश्यक है कि वह जिला, मंडल और बूथ स्तर पर पुराने कार्यकताओं से सीधे संवाद करे।

### सवाल पूछे जाएं—

कहां कार्यकर्ता उपेक्षित महसूस कर रहा है?

कहां संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच दूरी है?

कहां वर्षों से काम कर रहे कार्यकताओं को निर्णय प्रक्रिया से बाहर रखा गया है?

कहां नए लोगों को अवसर देने के नाम पर पुराने कार्यकताओं की पूरी तरह अनदेखी हो रही है?

इन सवालों के जवाब संगठन को मजबूत कर सकते हैं।

इतिहास गवाह है—कार्यकर्ता की चुप्पी खतरनाक होती है

राजनीतिक दल अक्सर उस समय खतरे को पहचानते हैं जब नुकसान हो चुका होता है। चुनाव परिणाम आने के बाद कारण खोजे जाते हैं—वोट क्यों कम हुआ, बूथ क्यों कमजोर पड़ा, कार्यकर्ता सक्रिय क्यों नहीं हुआ?

लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कार्यकर्ता की नाराजगी चुनाव परिणाम से पहले दिखाई नहीं देती। वह धीरे-धीरे संवाद से दूरी, कार्यक्रमों में कम भागीदारी और उत्साह में कमी के रूप में सामने आती है। और फिर एक दिन मतपेटी परिणाम बोलती है। इसलिए भाजपा को यदि अपने संगठन को दीर्घकाल तक मजबूत रखना है तो उसे कार्यकर्ता की चुप्पी को भी सुनना होगा। भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी 'कमल' नहीं, कमल का कार्यकर्ता है भाजपा का चुनाव चिह्न कमल है, लेकिन उस कमल को जमीन से ऊपर उठाने वाली शक्ति उसका कार्यकर्ता है। सत्ता आती है, जाती है। पद आते हैं, जाते हैं। चुनाव में जीत-हार होती रहती है। लेकिन संगठन की वास्तविक पूंजी कार्यकर्ता का विश्वास है। जिस दिन यह विश्वास कमजोर हुआ, उस दिन सबसे मजबूत संगठन भी भीतर से कमजोर होना शुरू हो जाता है। इसलिए भाजपा नेतृत्व को समय रहते यह संदेश देना होगा कि पुराने कार्यकर्ता पार्टी का अतीत नहीं, उसकी राजनीतिक स्मृति और भविष्य की पूंजी हैं। उन्हें सम्मान दीजिए। उनकी सुनिए। उन्हें जिम्मेदारी दीजिए। नई पीढ़ी को उनके साथ जोड़िए।

अंतिम सवाल—क्या भाजपा समय रहते चेतेगी?

भाजपा के सामने आज कोई तत्काल संगठनात्मक संकट घोषित नहीं है। लेकिन राजनीति में समझदार नेतृत्व संकट आने की प्रतीक्षा नहीं करता। वह संकट के संकेत पढ़ता है। पुराने कार्यकताओं की उपेक्षा का सवाल यदि अलग-अलग क्षेत्रों से उठ रहा है, तो इसे केवल व्यक्तिगत असंतोष कहकर खारिज करना उचित नहीं होगा। आज जरूरत है आत्ममंथन की। क्योंकि जिस संगठन ने अपने पुराने कार्यकताओं की मेहनत से सत्ता का रास्ता बनाया है, उसे सत्ता में आने के बाद उन्हीं कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान भी करना होगा। नए लोगों को जोड़िए, लेकिन पुराने लोगों को तोड़िए मत। युवाओं को आगे बढ़ाइए, लेकिन वरिष्ठों को पीछे मत धकेलिए। नए नेतृत्व को अवसर दीजिए, लेकिन संघर्ष की विरासत को विस्मृत मत कीजिए। क्योंकि— जिस संगठन की जड़ें कार्यकताओं के विश्वास में होती हैं, उसे कोई विरोधी आसानी से नहीं हिला सकता। लेकिन यदि वही जड़ें भीतर से सूखने लगें, तो विशाल से विशाल वृक्ष भी लंबे समय तक खड़ा नहीं रह सकता। और भाजपा के लिए यही सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश है— 'अपनों की अनदेखी मत कीजिए, क्योंकि चुनाव विरोधियों से लड़ा जाता है—जीता अपने कार्यकताओं के भरोसे जाता है।'

(लेखक हिंदी दैनिक 'अमन लेखनी ' के प्रधान संपादक हैं)

## राधा-कृष्ण ने भक्तों के संग खेली फूलों की होली



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में श्रीकृष्ण छठी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। झांकी संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि शहर की एकमात्र डिजिटल मूविंग जन्माष्टमी झांकी में बरसाना होली का दृश्य दिखाया गया। वहीं सांस्कृतिक मंच पर राधा कृष्ण की फूलों की होली के अलावा रोहित ग्रुप ने भक्तिमय गीतों पर नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ आज बृज में होली रे रसिया, होली खेले रघुवीरा अवध में... पर राधा कृष्ण रूपी बच्चों ने भक्तों के संग फूलों की होली खेल वातावरण को भक्तिमय बना दिया। 20 फीट ऊंची दही हांडी प्रतियोगिता खालसा ग्रुप की टीम ने जीता। नृत्य-गायन स्पर्धा में रिया यादव को प्रथम, परी श्रीवास्तव को द्वितीय तथा शिवांशी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति ने नृत्य गायन स्पर्धा के विजयी बच्चों के संग सभी प्रतिभागी बच्चों, दही हांडी प्रतियोगिता के विजेता टीम को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार से सम्मानित किया। सांस्कृतिक संध्या के दूसरे चरण में रोहित ग्रुप ने गणेश वंदना, शंकरजी का तांडव, हनुमानजी का राम से बड़ा राम का नाम, राधा-कृष्ण का मयूर नृत्य पर नृत्य नाटिकाओं की मनमोहक प्रस्तुति देकर भक्तजनों को मंत्र मुग्ध कर दिया। डिजिटल मूविंग जन्माष्टमी झांकी में राधा व गोपियां श्रीकृष्ण के साथ होली के मस्ती भरे गीतों पर नृत्य कर रही है। नृत्य करते हुए राधा कृष्ण पर ग्वाल वालों की टोलियां ने रंग गुलाल उड़ाकर एवं पिचकारियों से रंगों की बौछार कर बरसाना की होली का आनंद ले रहे है। इस मौके पर डिजिटल मूविंग झांकियों, झांकी स्थल में खूबसूरत लाइटिंग के लिए अग्रवाल इलेक्ट्रिकल, चौक के अंकुर एवं सतीश लाइट हाउस के सतीश कश्यप, स्वचालित झांकियों के मूर्तिकार पवन चौरसिया को क्षेत्रीय पार्षद शशि गुप्ता, गिरीश गुप्ता, श्रवण अग्रवाल तथा अनुपम प्रकाश ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## संतान की लंबी उम्र के लिए माताएं आज रखेंगी पिठोरी अमावस्या व्रत

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी जीवन की कामना से माताएं कई तरह के व्रत और धार्मिक अनुष्ठान करती हैं। पिठोरी अमावस्या भी ऐसा ही एक पर्व है, जिसे संतान के कल्याण और परिवार की सुख-समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। इस दिन 64 देवियों की पूजा करने की परंपरा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, पिठोरी अमावस्या भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। 2026 में पिठोरी अमावस्या 10 सितंबर, गुरुवार को मनाई जाएगी। इस दिन माताएं संतान की सुख-समृद्धि और दीघार्यु की कामना से व्रत रखकर 64 देवियों की पूजा करती हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में इस पर्व को स्थानीय परंपराओं के अनुसार अलग नामों से भी जाना जाता है। महाराष्ट्र और कुछ अन्य क्षेत्रों में इससे जुड़ी लोक परंपराएं विशेष रूप से प्रचलित हैं। पिठोरी अमावस्या भाद्रपद कृष्ण अमावस्या के दिन रखा जाने वाला व्रत है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन माताएं अपनी संतान के अच्छे स्वास्थ्य, लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना से व्रत करती हैं।



**पिठोरी अमावस्या का धार्मिक महत्व:** पिठोरी अमावस्या को मातृशक्ति और संतान के बीच प्रेम एवं आस्था का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धापूर्वक देवी-देवताओं की पूजा और व्रत करने से संतान के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। अमावस्या तिथि होने के कारण इस दिन पितरों के लिए तर्पण, दान और प्रार्थना करने की भी परंपरा है। धार्मिक मान्यताओं में इसे परिवार की सुख-शांति और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर माना गया है। हालांकि, संतान की आयु या स्वास्थ्य से जुड़े फल धार्मिक आस्था और मान्यताओं का हिस्सा हैं; इन्हें निश्चित चिकित्सकीय परिणाम के रूप में नहीं लेना चाहिए।

**पिठोरी अमावस्या की पूजा विधि:** सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ-सुथरे कपड़े पहनें। पूजा स्थान की सफाई करने के बाद संतान के सुखी, स्वस्थ और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए व्रत का संकल्प लें। चावल या गेहूं के आटे को गूंथकर छोटी-छोटी प्रतीकात्मक प्रतिमाएं तैयार करें। इन्हें साफ चौकी पर वस्त्र बिछाकर व्यवस्थित रूप से स्थापित करें। अपनी परंपरा के अनुसार माता दुर्गा का भी पूजन करें। देवी प्रतिमाओं पर जल अर्पित करें। इसके बाद रोली, कुमकुम, हल्दी, अक्षत, फूल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित करें। श्रद्धानुसार चुनरी और सुहाग सामग्री भी चढ़ाई जा सकती है। पूजा के दौरान दीपक जलाएं और पिठोरी अमावस्या की व्रत कथा का श्रवण या पाठ करें। इसके बाद देवी की आरती करें और संतान के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना करें। देवी को घर में तैयार किया हुआ सात्विक भोग अर्पित करें। पूजा पूरी होने के बाद प्रसाद परिवार के सदस्यों में बांटें।

**पिठोरी अमावस्या व्रत के नियम:** माताएं अपनी संतान के कल्याण की कामना से व्रत रखती हैं। दिनभर सात्विक विचार और आचरण रखने की कोशिश करें। पूजा स्थल और घर की साफ-सफाई रखें। अपनी परंपरा के अनुसार निराहार या फलाहार व्रत किया जा सकता है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर कठिन उपवास करने के बजाय चिकित्सकीय सलाह को प्राथमिकता दें। पूजा में देवी-देवताओं को श्रद्धापूर्वक भोग और प्रसाद अर्पित करें। अमावस्या के अवसर पर जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र या अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करना शुभ माना जाता है।

## ग्रामीणों ने दो भैंस चोरों को पकड़ा

माल। क्षेत्र में चोरों के आतंक से ग्रामीण परेशानी झेलने को मजबूर हैं। इसी क्रम में मंगलवार आधी रात को चोरों ने एक किसान के दरबाजे बंधी भैस को चोरी कर भाग निकले। जबकि उनके दो साथियों को ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ लिया और तीन चोर भैस लेकर फरार हो गये। दोनो चोरों को पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। माल थाना अंतर्गत गुमसेना पंचायत के मजरे बक्शी खेड़ा गांव निवासी रमेश के सामने उसकी भैसे बंधी थी। मंगलवार रात लगभग डेढ़ बजे चोर आ पहुंचे और एक भैस चोरी करके निकल गये। इसी बीच रमेश की नींद खुल गयी। रमेश ने शोर मचा दिया। तो ग्रामीणों ने दौड़ा कर दो चोरों को पकड़ लिया। जिनकी ग्रामीणों ने पिटाई करने करने के बाद पुलिस बुलाकर सौंप दिया। पकड़े गये चोरों ने राजबीर पुत्र गोलू, आयुष पुत्र तुलसी, रवि पुत्र अज्ञात, करन पुत्र अज्ञात और मिलन पुत्र अज्ञात सभी निवासी मांझी निकरोजपुर गांव के निवासी हैं। पकड़े गये चोरों आयुष और राजवीर मौके पर पकड़े गये, जबकि मिलन, रवि और करन तीनो चोर रमेश की लगभग सवा लाख कीमत की भैस डाले में लाद कर भाग निकले।

## चार माह में तीसरी बार ट्यूबवेल की एबीसी केबल चोरी

### सात, चार और अब तीन पोलों की लाइन काट ले गए चोर, किसानों में बढ़ी दहशत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ट्यूबवेलों की बिजली लाइनों से एबीसी केबल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। महज चार महीने के भीतर चोर तीसरी बार खेतों में लगी बिजली लाइन को निशाना बनाकर एबीसी केबल काटकर ले गए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में दहशत के साथ ही बिजली विभाग और पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भुलभुलाखेड़ा निवासी ट्यूबवेल संचालक संजीत यादव ने बताया कि बीते 20 मई की रात चोर उनके ट्यूबवेल की बिजली लाइन के करीब सात पोलों की एबीसी केबल काटकर ले गए थे। घटना के बाद किसानों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। इसके बावजूद चोरों पर अंकुश नहीं लग सका। इसके करीब एक सप्ताह बाद 29 मई की रात चोरों ने दोबारा वारदात को अंजाम दिया और करीब चार पोलों की एबीसी केबल काटकर चोरी कर ली। अब मंगलवार को खेत पर पहुंचे किसानों को बिजली लाइन के तीन पोलों की एबीसी केबल कटी हुई मिली। लगातार तीसरी बार हुई चोरी से किसानों में हड़कंप मच गया। किसानों का कहना है कि खेतों में ट्यूबवेलों की बिजली लाइनें गांव से दूर होने के कारण रात के समय चोर आसानी से वारदात कर फरार हो जाते हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद घटनाओं पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। केबल चोरी होने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। घटना की जानकारी ट्यूबवेल संचालक संजीत यादव ने तहरीर के माध्यम मलिहाबाद पुलिस को दी। किसानों ने पुलिस से लगातार हो रही केबल चोरी की घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, अब 12 वर्षीय छात्र पर हमला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार शाम रामडोल देखकर घर लौट रहे कक्षा छह के 12 वर्षीय छात्र पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। कुत्तों ने छात्र को जमीन पर गिराकर घायल कर दिया बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़े और किसी तरह कुत्तों को खदेड़ कर उसकी जान बचाई। घायल छात्र को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मनकौटी गांव निवासी सुनील का 12 वर्षीय बेटा ऋषभ कक्षा छह में पढ़ता है। मंगलवार शाम वह गांव में आयोजित रामडोल देखने गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। हमले से घबराकर ऋषभ जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद कुत्तों ने उसे घायल कर दिया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कुत्तों को खदेड़ा और घायल बालक को अस्पताल पहुंचाया।



घायल छात्र ऋषभ

### बागों और आबादी के आसपास झुंड में घूमते हैं कुत्ते

ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र के बागों और आबादी के आसपास बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते झुंड बनाकर घूमते रहते हैं। आए दिन राहगीरों और मवेशियों पर इनके हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। शाम के समय बच्चों और अकेले राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में भय और नाराजगी है।

### पहले भी मासूम बच्ची की ले चुके हैं जान

ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्तों के हमले की समस्या नई नहीं है। इससे पहले 13 अप्रैल को तरौना निवासी मनीष सोनवानी की साढ़े तीन वर्षीय बेटी अनन्या पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया था। कुत्तों ने बच्ची को बुरी तरह नोच डाला था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसके अलावा 16 जून को बाजार जा रहे गुलालखेड़ा निवासी अवधेश के दो जानवरों तथा राजू और राकेश के एक-एक जानवर पर भी कुत्तों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में रोष है।

## ट्यूबवेल से पचास मीटर एबीसी केबल चोरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में चोरों ने एक किसान के ट्यूबवेल को निशाना बनाते हुए करीब 50 मीटर तीन फेस की केबल चोरी कर ली। मंगलवार रात हुई वारदात की जानकारी बुधवार सुबह खेत पहुंचने पर किसान को हुई। पीड़ित ने घटना की सूचना पीआरवी के साथ ही स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मवई खुर्द गांव निवासी शिवेंद्र सिंह का ट्यूबवेल गांव से करीब दो किलोमीटर दूर गोधन गांव के किनारे स्थित है। खेतों की सिंचाई के लिए उन्होंने करीब 10 महीने पहले सरकारी बोरिंग कराई थी। ट्यूबवेल का बिजली कनेक्शन उनकी माता बृजेश कुमारी पत्नी शिव बालक सिंह के नाम से है। इसी कनेक्शन से वह अपने खेतों की सिंचाई करते थे। शिवेंद्र सिंह के मुताबिक मंगलवार रात अज्ञात चोर बिजली के खंभे से ट्यूबवेल तक बिछी करीब 50 मीटर लंबी तीन फेस की केबल काटकर चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह जब वह खेत पर पहुंचे तो ट्यूबवेल की बिजली आपूर्ति



बाधित मिली और केबल तार गायब था। आसपास तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद किसान ने तत्काल पीआरवी और माल पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से किसानों में चिंता बढ़ रही है। किसानों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और चोरों का पता लगाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## ट्रेन से गिरकर 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर रेलखंड स्थित हरौनी रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह करीब नौ बजे सूचना मिली कि कानपुर की ओर से लखनऊ जा रही फरक्का एक्सप्रेस से एक किशोर हरौनी रेलवे स्टेशन के पास नीचे गिर गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मृतक की पहचान सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र स्थित नन्द्रासन नगवापुर निवासी अंकुल (17) के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई रामराज ने बताया कि करीब 20 दिन पहले दोनों भाई दिल्ली नौकरी करने गए थे। बुधवार को दोनों फरक्का एक्सप्रेस से घर लौट रहे थे। सुबह करीब 8:30 बजे ट्रेन हरौनी स्टेशन के पास पहुंचने वाली थी। इसी दौरान अंकुल टॉयलेट जाने की बात कहकर सीट से उठकर चला गया। काफी देर तक वापस नहीं आने पर रामराज ने डिब्बे में उसकी तलाश की। दरवाजे के पास मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर पता चला कि हरौनी स्टेशन के पास एक किशोर ट्रेन से गिर गया है। रामराज ने ट्रेन की चेन खींचकर उसे अमौसी स्टेशन के पास रुकवाया और किसी तरह कानपुर रोड पहुंचकर 112 पर सूचना दी। बाद में वह हरौनी स्टेशन पहुंचे, जहां स्टेशन से करीब 50 मीटर आगे लखनऊ की ओर पटरी किनारे अंकुल का क्षत-विक्षत शव मिला। मृतक अंकुल के पिता विनोद की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में मां, तीन बड़े भाई और दो छोटी बहनें हैं। फिलहाला रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## करोड़ों की सरकारी जमीन पर 'प्लॉटिंग' का आरोप, मंडलायुक्त तक पहुंचा मामला

### सदरौना में बंजर भूमि पर कब्जे और निर्माण का दावा, राजस्व कर्मचारियों की भूमिका पर भी उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरकारी जमीन की सुरक्षा को लेकर शासन-प्रशासन के दावों के बीच सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम सदरौना में करोड़ों रुपये कीमत की भूमि पर कथित कब्जे और प्लॉटिंग का मामला सामने आया है। मानक नगर निवासी अभिषेक यादव ने मंडलायुक्त लखनऊ को शिकायती पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में सरकारी अभिलेखों में बंजर दर्ज भूमि पर कथित रूप से प्लॉट काटकर बिक्री और निर्माण कराए जाने का आरोप लगाया गया है।

### अभिलेखों में बंजर, मौके पर प्लॉटिंग का आरोप

शिकायतकर्ता के अनुसार सदरौना गांव में खसरा संख्या 2017 की 0.2700 हेक्टेयर और खसरा संख्या 2018 की 0.172 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर दर्ज है। आरोप है कि इतनी महत्वपूर्ण सरकारी भूमि पर रामकृष्ण शुक्ला, अनुभव शुक्ला और मनीष यादव द्वारा कथित रूप से कब्जा कर प्लॉटिंग कराई जा रही है। शिकायतकर्ता ने भूखंडों की बिक्री के साथ ही मौके पर निर्माण कार्य होने का भी दावा किया है।

### करोड़ों की जमीन, इसलिए उठे कई सवाल

शिकायतकर्ता का कहना है कि भूमि की बाजार कीमत करोड़ों रुपये में होने के कारण सरकारी जमीन पर कथित कब्जे का मामला गंभीर है। उनका आरोप है कि यदि अभिलेखों में भूमि सरकारी और बंजर दर्ज है तो फिर मौके पर उसका उपयोग किस आधार पर किया जा रहा है। इसी को लेकर राजस्व अभिलेखों और मौके की स्थिति का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की गई है।

### राजस्व कर्मियों की भूमिका पर भी सवाल

मामले में केवल कथित कब्जे का आरोप ही नहीं, बल्कि राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। शिकायत में नगर निगम में कार्यरत लेखपाल अनुपम मिश्रा समेत तहसील स्तर के कुछ कर्मचारियों की भूमिका की जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पूर्व में शिकायतें किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और कई मामलों में मौके की वास्तविक स्थिति की जांच किए बिना फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर दिया गया।

### आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण पर भी उठाए सवाल

अभिषेक यादव ने आईजीआरएस के माध्यम से की गई शिकायतों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कुछ मामलों में शिकायतकर्ता से वास्तविक संपर्क किए बिना ही रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होंने मंडलायुक्त से मामले की स्थानीय अधिकारियों के बजाय उच्चस्तरीय टीम से जांच कराने की मांग की है, ताकि जांच की निष्पक्षता पर कोई सवाल न उठे।

### पैमाइश से खुलेगा जमीन का राज

शिकायतकर्ता ने मांग की है कि राजस्व अधिकारियों की टीम गठित कर दोनों खसरों की मौके पर पैमाइश कराई जाए। साथ ही यह देखा जाए कि अभिलेखों में दर्ज भूमि की वास्तविक स्थिति क्या है और वहां किसी प्रकार का निर्माण, प्लॉटिंग या व्यावसायिक गतिविधि तो नहीं चल रही है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो सरकारी भूमि को कब्जे से मुक्त कराने के साथ जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

### कर्मचारियों की संपत्ति जांच की भी मांग

शिकायत में कथित कब्जे से जुड़े लोगों के साथ संबंधित कर्मचारियों की संपत्तियों की जांच कराने की मांग भी की गई है। इसके अलावा लंबे समय से एक ही पटल या सर्किल में तैनात कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग उठाई गई है। शिकायतकर्ता ने सरकारी भूमि के संरक्षण से संबंधित न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने की भी मांग की है। अब इस मामले में मंडलायुक्त कार्यालय स्तर से जांच और मौके की वास्तविक स्थिति के सत्यापन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि सरकारी अभिलेखों में दर्ज भूमि पर वास्तव में क्या स्थिति है।

## मारपीट और असलहा दिखा कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के कटी बगिया में रहने वाली महिला गुड्डी ने सोनू, मोनू, पूरन और कुछ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और असलहा दिखा कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुड्डी का कहना है कि कुलदीप और सुनील कंपनी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से सोनू ने दोनों को टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन दोनों को घर ले आए। आरोप है कि कुछ देर बाद सोनू, पूरन और मोनू सहित कई लोग ईको गाड़ी से हाथों में लाठी डंडे और सरिया लिए कुलदीप के घर पहुंचे। जहाँ आरोपियों ने घर में घुसकर कुलदीप और सुनील के साथ ही घर की महिलाओं से भी मारपीट की। इस दौरान मोनू ने असलहा दिखाकर सुनील के परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। वहीं इस मारपीट में सुनील सहित उसके परिजनों को गंभीर चोटें आईं। फिलहाल गुड्डी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कान्हा की छठी पर निकली भव्य पालकी यात्रा, जयकारों से गूंजा अमेठी

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। नगर पंचायत अमेठी में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कन्हैया जी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। पूरे नगर में ह्लजय कन्हैया लाल कीह्व, ह्लहाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल कीह्व और ह्लनंद घर आनंद भयोह्व के जयघोष गूंजते रहे।

भव्य पालकी यात्रा का शुभारंभ शहजादपुर स्थित श्री राम-जानकी ठाकुरद्वारा से हुआ। इसके बाद विभिन्न मंदिरों की पालकियां क्रमवार यात्रा में शामिल होती गईं। श्री हनुमान मंदिर शहजादपुर, श्री राधा-कृष्ण मंदिर, श्री राधा-कृष्ण ठाकुरद्वारा, श्री राम-जानकी मंदिर बाजार, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मुंशीगंज तथा बरुआ की कृष्ण पालकी यात्रा में शामिल हुईं।



पालकी यात्रा जैसे-जैसे नगर के विभिन्न मार्गों से होकर आगे बढ़ी, श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और पेयजल की व्यवस्था भी की। पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर नाचते-गाते नजर आए।

यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने यातायात व्यवस्था संभालने के साथ ही पालकी यात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग किया। आयोजकों ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की छठी का आयोजन क्षेत्र में वर्षों से श्रद्धा और परंपरा के साथ किया जा रहा है। पालकी यात्रा के माध्यम से लोगों को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उनकी लीलाओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। देर शाम तक नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।

## बाप बेटे पर लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और भाले से हमला करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात घर के बाहर बाप बेटे पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और भाले से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से चोटिल हो गए। बाद में पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। बंथरा के कुरौनी स्थित टूड़ी खेड़ा निवासी श्रीकृष्ण पुत्र स्व. केदारनाथ के मुताबिक मंगलवार रात करीब 9:30 बजे वह अपने बड़े बेटे देवेंद्र के साथ घर के बाहर दैनिक कार्य कर रहे थे। तभी गांव के धर्मवीर उर्फ रिंकू, महेंद्र उर्फ राहुल, जितेंद्र, धर्मेंद्र, सत्येंद्र, रामचंद्र, रामू, सागर, रावेन्द्र उर्फ विपिन, छोटू उर्फ बउवा, बृजेश सहित अन्य लोग लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और भाला लेकर वहाँ पहुंचे और दोनों पर हमला कर दिया। इस पर जान बचाने के लिए बाप बेटों ने घर के अंदर घुसकर दरवाजा बंद कर लिया। आरोप है कि बाद में हमलावर काफी देर तक उसका दरवाजा पीटने के साथ उनसे और श्रीकृष्ण की पत्नी राधा से गाली-गलौज करते रहे। इसके बाद परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। फिलहाल श्रीकृष्ण की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षेप

### शौच क्रिया को गई महिला हुई लापता गुमशुदगी हुई दर्ज




अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव ।थाना क्षेत्र के कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला गांधीनगर निवासी रामचंद्र पुत्र ज्वाला नें थाना पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसकी मौसी की पुत्री गुज्जो पत्नी रामाधीन करीब पांच वर्षों से उसके पास रह रही थीं। मंगलवार सुबह गुज्जो शौच क्रिया करने की बात कहकर गयी थी ।जो काफी समय के बाद तक वापस घर नहीं आई। परिजनों समेत अन्य लोगों के साथ पास पड़ोस समेत रिश्तेदारी में भी खोजबीन की गई किन्तु उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित नें थाने में गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस से मौसेरी बहन गुज्जो को खोजने में मदद करने की गुहार लगाई है। पुलिस नें गुमशुदगी दर्ज कर गुज्जो को ढूंढने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### एक महीने से एक्सरे मशीन पड़ी बंद अस्पताल प्रशाशन के प्रयास भी नाकाम साबित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सीएचसी बिछिया में मरीजों को बुनियादी सुविधा तक नही मिल पा रही है। इसके कारण मरीज निजी अस्पतालों की ओर रुख करने को मजबूर हैं। आलम यह है कि वर्तमान समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब एक माह से एक्सरे जांच सुविधा मशीन खराब पड़ी होने की वजह से बंद पड़ी है जो कि आज के समय मरीजों के लिए सबसे बड़ी जरूरत है। अस्पताल में मरीजों की जांच के लिए अक्सर डॉक्टर सिर्फ डिजिटल एक्सरे कराने के लिए लिखते हैं। ऐसे में मरीजों को निजी पैथोलॉजी/अस्पताल में जाकर महंगे दामों पर रकम खर्च करनी पड़ रही है। जिसका उनके स्वास्थ्य के साथ आर्थिक असर भी पड़ रहा है।

प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या करीब 5 सैकड़ा तक पहुचती है। जिनमे करीब एक सैकड़ा तक के मरीजों को जांच की बड़ी उम्मीद होती है लेकिन अस्पताल के परिसर में बने एक्सरे कक्ष में ताला लटकता देख बैरंग होकर उन्हें महंगे दामो पर निजी पैथोलॉजी की जांच के लिए शरण लेनी पड़ती है।

एक्सरे जांच सुविधा के लिए एक्सरे टेक्नीशियन की तैनाती हुई थी। जिसमे करीब एक माह से एक्सरे मशीन खराब होने के चलते उसे अब सीएचसी के जिम्मेदारों द्वारा टेक्नीशियन को अब जन्म प्रमाण पत्र बनाने की जिम्मेवारी सौप दी गयी है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ नरेंद्र कुमार से बात करने पर उनका फोन रिसीव नही हो सका।

# नए गंगापुल पर धू-धूकर जली कार, तीन लोगों ने कूदकर बचाई जान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात नए गंगापुल पर उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब शुक्लागंज से कानपुर की ओर जा रही एक वैगनआर कार के टायर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में पूरा वाहन आग की लपटों में घिर गया। कार में सवार तीन लोगों ने समय रहते वाहन से बाहर निकलकर किसी तरह अपनी जान बचाई। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंगलवार रात करीब साढ़े 12 बजे वैगनआर कार शुक्लागंज की ओर से कानपुर जा रही थी। जैसे ही कार नए गंगापुल पर पहुंची, इसी दौरान उसके एक टायर में अचानक आग लग गई। चालक को इसका पता चलते ही उसने कार रोकने का प्रयास किया। हालांकि आग तेजी से फैलने लगी, जिससे कार में सवार तीनों लोगों में अफरातफरी मच गई आग बढ़ती देख तीनों लोग तत्काल कार से बाहर निकल आए। उनके वाहन से बाहर निकलने के कुछ ही देर बाद आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते कार से तेज लपटें उठने लगीं और काला धुआं पुल पर फैल गया। पुल से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने जब कार को धधकते देखा तो मौके पर कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया।

#### आधे घंटे तक जलती रही कार

घटना की सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को आग की जानकारी दी। कुछ ही देर में दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार का अधिकांश हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था। आग इतनी तेज थी कि कार के आसपास जाना भी मुश्किल हो रहा था। समय रहते कार में सवार लोगों के बाहर निकल जाने के कारण एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

#### पुल पर यातायात रोकने से लगी वाहनों की कतार

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने आग बुझने तक नए गंगापुल पर दोनों तरफ का यातायात रोक दिया। इससे पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कानपुर और शुक्लागंज की ओर जाने वाले वाहन चालकों को कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा। आग पूरी तरह बुझने के बाद पुलिस ने जली हुई कार को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात को दोबारा सुचारु कराया गया और वाहन अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

#### टायर से आग शुरू होने की आशंका

प्रारंभिक जांच में कार के एक टायर से आग शुरू होने की बात सामने आई है। हालांकि आग लगने का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वाहन में आग लगने के पीछे तकनीकी खराबी, टायर में किसी तरह की समस्या अथवा अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। समय रहते कार सवार तीनों लोगों के सुरक्षित बाहर निकल आने से बड़ा हादसा टल गया।

# लोन नदी में उफान: पूर्व एमएलसी ने पोरई और अढ़ौली गांव में बांटी राहत सामग्री

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के लोन नदी में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित गांवों की मदद के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व एमएलसी अरविंद कुमार त्रिपाठी आगे आए हैं। उन्होंने तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित पोरई और अढ़ौली गांवों का दौरा कर पीड़ितों का हाल-चाल जाना तथा उन्हें राहत सामग्री वितरित की।

बाढ़ पीड़ितों को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी ने कहा, ₹मुसीबत की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह आपके साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन अंत्योदय का है, जिसके तहत भाजपा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति तक मदद पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। शासन द्वारा दी जाने वाली सभी राहत योजनाओं का लाभ हर प्रभावित तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचाया जाएगा।₹बाढ़ के बाद गांवों में बीमारियों के खतरे को देखते हुए त्रिपाठी ने शासन-प्रशासन के उच्च अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित गांवों में तत्काल मेडिकल कैंप लगाने और पर्याप्त दवाइयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि जलजमाव से फैलने वाली बीमारियों पर समय रहते काबू पाया जा सके।

राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान बाउवा अवस्थी, अनुज बाजपेयी, कुलदीप अग्निहोत्री, सतेन्द्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, रानू त्रिवेदी, मोनू सिंह, छोटू बाजपेई, रामदेव, मन्ना दादा और अरुण मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किराने की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखो का सामान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज आजाद मार्ग बंथर स्थित एक परचून की दूकान में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर सटर का ताला तोड़ गल्ले में रखे पच्चीस हजार की नगदी समेत दो लाख का सामान पार कर दिया । दूकान दार की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई ।पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना थाने में देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

अचलगंज थाने के ग्राम बंथर निवासी शैलेश तिवारी की आजाद मार्ग के किनारे औद्योगिक क्षेत्र जाने वाले चौराहे पर परचून की दूकान संचालित किये है। बुधवार सुबह जब वह दूकान खोलने गए तो शटर का ताला टूटा देख सन्न रह गए। अंदर जाकर देखा तो काउंटर में लगा गुल्लक टूटा मिला।उसमें रखी 25000 की रोजगारी गायब मिली। दुकान में रखा सामान बिखरा पड़ा मिला । सूचना पर बदरका चौकी इंचार्ज अनिल त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और छानबीन कर वापस चौकी लौट गए। दुकानदार ने पच्चीस हजार नगद व दो लाख का सामान चोरी चले जाने की तहरीर दी है ।

# मां की डांट से नाराज छात्र ने सई नदी में लगाई छलांग, तलाश में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। मामूली बात पर नाराज होकर एक किशोर ने सई नदी में छलांग लगा दी। घटना मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे की बताई जा रही है। इसके बाद से असोहा और सोहरामऊ थाने की पुलिस लगातार तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार सोहरामऊ थाना क्षेत्र के ओगरापुर गांव निवासी अनंत कुमार का 17 वर्षीय बेटा आदित्य कुमार समाज सेवा संस्थान इंटर कॉलेज का छात्र है। मंगलवार शाम घर आने पर कपड़े धोने को लेकर मां ने उसे डांट दिया। इससे नाराज होकर वह बाइक से घर से निकल गया।

बताया जा रहा है कि देवरा घाट पुल पर बाइक खड़ी करने के बाद उसने नदी में छलांग लगा दी। घटना को लेकर गांव में दो तरह की चचाएँ हैं, कोई इसे नाराज होकर कहीं चले जाने की बात कह रहा है तो कोई नदी में कूदने की बात बता रहा है। सूचना पर असोहा और सोहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोर टेनी और रामविलास की मदद से तलाश शुरू कराई, लेकिन देर रात तक कुछ पता नहीं चला। लोगों का कहना है कि नदी उफान पर है और काफी समय बीतने से वह बहकर दूर निकल गया होगा। फिलहाल पुल पर भारी भीड़ लगी है। बाहरी गोताखोरों को भी बुलाया गया है। नायब तहसीलदार पुरवा भारत सिंह राजस्व टीम के साथ मौके पर मौजूद हैं। समाजसेवी रविंद्र यादव और सपा नेता राजेंद्र लोधी भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी ली। आदित्य तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। मां कांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सोहरामऊ एसओ ने घटना को अपने थाना क्षेत्र का बताया है।

# नगर पंचायत की संपत्ति क्षतिग्रस्त, अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां नगर पंचायत की सरकारी संपत्ति को जानबूझकर क्षतिग्रस्त करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए जिलाधिकारी उन्नाव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी पुरवा और क्षेत्राधिकारी पुरवा को प्रार्थना पत्र दिया गया है। मामला अटल पार्क का है। नगर पंचायत द्वारा पार्क में मंच का निर्माण कराया गया था, जिसकी बीम अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने मामले की जांच कराई। तकनीकी परीक्षण अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग उन्नाव द्वारा कराया गया। दिनांक 7 सितंबर 2026 को अवर अभियंता प्रमोद कुमार ने कार्यस्थल पर पहुंचकर तकनीकी निरीक्षण किया। आख्या के अनुसार पार्क के मंच की दाहिनी तरफ की दीवार क्षतिग्रस्त है, लेकिन उसका गिरना संभव नहीं है क्योंकि दाहिनी तरफ के दोनों स्तंभ पूरी तरह ठीक हैं, उनमें न कोई धंसाव है और न ही कोई दरार। अवर अभियंता ने आख्या में अराजक तत्वों पर कार्रवाई के लिए कहा है। आरोप है कि कुछ अराजक तत्व सोशल मीडिया के माध्यम से नगर पंचायत की छवि धूमिल करने और विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसकी शिकायत अधिकारियों से की गई है। एसडीएम पुरवा दिग्विजय सिंह ने दो दिन के अंदर जांच कर रिपोर्ट देने के लिए टीम गठित की है। वहीं मौरावां थाना अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह को निर्देश दिया गया है कि मामले की जांच कर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सूत्रों के अनुसार सोशल मीडिया पर गलत शब्दों का चयन कर फेसबुक पर भ्रामक खबर प्रसारित की गई है।

# दो प्रतिभावान विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का बढ़ाया गौरव

अमन लेखनी समाचार



PRAKHAR VERMA
09-02-2026



PALAK VERMA
09-02-2026

बांगरमऊ, उन्नाव। रसूलपुर रुरी स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय के दो प्रतिभावान विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। बी.एससी. तृतीय वर्ष के छात्र प्रखर वर्मा एवं बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा पलक वर्मा ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दोनों विद्यार्थी सगे भाई-बहन हैं। एक ही परिवार के दोनों भाई-बहन द्वारा नीट परीक्षा उत्तीर्ण करना महाविद्यालय एवं क्षेत्र के लिए विशेष उपलब्धि है। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। दोनों की सफलता पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त दुबे ने प्रखर वर्मा एवं पलक वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि दोनों विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम से बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. नलिन कुमार सिंह, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. अरविन्द कुमार, अमित कुमार, विनीत कुमार, डॉ. अनुराग रावत, डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. प्रिया वर्मा, अनिल कुमार आदि ने दोनों सफल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएँ प्रदान की हैं।

# 14 सितम्बर को मनाया जाएगा हर तालिका का व्रत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव ।आचार्य ऋषि कान्त मिश्र शास्त्री ने बताया हर तालिका व्रत तीजा एवं श्री गणेश चतुर्थी व्रत चन्द्रोदय व्यापिनी तथा तृतीया सूर्योदय व्यापिनी का शुभ संयोग प्राप्त हो रहा है अतः शास्त्र सम्मत हर तालिका व्रत सोमवार 14 सितंबर को ही मनाई जाएगी तथा मध्यान्ह काल में श्रीगणेश चतुर्थी दक्षिण भारत की तर्ज पर किया जाये गा। भारतीय सनातन संस्कृति की परम्परा नुसार चतुर्थी तिथि से प्रारंभ होकर अनन्त चतुर्दशी तिथि तक सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त गत वर्षों की तरह मनायें। हर तालिका व्रत अर्थात तीजा लोक भाषा में प्रचलित पर्व निर्णय सिंधु एवं काशी के पंचांगो में शास्त्र सम्मत दिया गया है अतः सभी सनातनी धर्मावलंबी मातायें बहनें श्रद्धा और विश्वास से युक्त होकर मनायें शास्त्रों में कहा गया है कि यदि तृतीय तिथि दूसरे दिन मुहूर्त मात्र भी सूर्योदय व्यापिनी हैं तो मां गौरी का पूजन हर तालिका व्रत तीजा किया जाये। क्योंकि धर्म सिन्धु निर्णय सिंधु व्रत राज आदि शास्त्रों में वर्णित प्रमाणों के अनुसार शास्त्र सम्मत 14 सितंबर सोमवार को ही हर तालिका व्रत करें। महिलाओं के लिए वर्ष भर का सबसे महत्वपूर्ण एवं पवित्र व्रत सौभाग्य वती स्त्रियां अपने सौभाग्य को अक्षुण्ण बनाये रखने तथा कन्यायें अपने भावी जीवन में सुख-समृद्धि एवं दाम्पत्य जीवन को प्राप्त करने हेतु इस व्रत को कठिन तपस्या की तरह निर्जल निराहार रहकर पूर्ण करती है।

# प्रेमी ने मांगे 5 लाख तो ननिहाल में किशोरी ने लगाई फांसी, पिता ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव ।अजगैन थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान बीघापुर थाना क्षेत्र के घाटमपुर खुर्द निवासी श्रवण कुमार की बेटी गीता के रूप में हुई है। उसने अपनी ननिहाल में यह कदम उठाया। बुधवार को परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। परिजनों के अनुसार गीता तीन बहनों में दूसरे नंबर पर थी। उसका प्रेम संबंध मसवासी-मगरवारा क्षेत्र के एक युवक से था। इसी रिश्ते को लेकर परिवार में शादी की बात चल रही थी। पिता श्रवण कुमार ने आरोप लगाया कि युवक शादी के लिए 5 लाख रुपये की मांग कर रहा था। मजदूरी करने वाले पिता ने बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थ थे। उन्होंने युवक से कुछ समय मांगा था और कहा था कि वे अपनी हैसियत के अनुसार शादी करने को तैयार हैं, लेकिन युवक अपनी मांग पर अड़ा रहा। पिता का यह भी आरोप है कि युवक फोन पर बेटी और परिवार को गाली-गलौज करता था। बेटी अक्सर फोन लेकर बाहर जाकर बात करती थी, तब गालियों की आवाज सुनाई देती थी। इस मामले में बीघापुर थाने में शिकायत की गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि तहरीर और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पितृ वंदन यात्रा का किया जाएगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। भगवन्त नगर विधानसभा क्षेत्र में दीपक से कमल₹ तक की यात्रा में नींव की ईंट रहे पार्टी नेताओं को उनके मूल स्थान पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु ? आगामी ? 27 सितम्बर, 2026 दिन रविवार को ₹पितृ वंदन₹ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के आयोजक एवं उन्नाव लोकसभा के पालक रह चुके वरिष्ठ भाजपा नेता अजय मिश्र एडवोकेट ने बताया कि पारिवारिक स्तर पर हमारे पूर्वज नेताओं की संतानें उनका संस्कार तो करती ही हैं किन्तु हमारी पार्टी को भगवा ध्वज की छाया तले भारतीय जनसंघ से प्रारम्भ करके कठिन संघर्ष करते हुए भारतीय जनता पार्टी तक के गौरवशाली स्थान तक पहुँचाने में जिन नेताओं ने अपना जीवन समर्पित कर दिया तथा संगठन कार्य को अपने घर परिवार से अधिक माना, उनके सुफलों का आस्वादन करने वाले आधुनिक पीढ़ी के हम पार्टीजनों का भी कर्तव्य बनता है कि हम पितृ पूजन पक्ष में अपने सांगठनिक पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और सम्मान अर्पित करें। अपनी मातृभूमि-कर्मभूमि होने के नाते भगवन्तनगर विधानसभा में दीपक से कमल तक की महनीय यात्रा ले जाने वाले पूर्वजों ? का वंदन करने हेतु इसी भावना से पितृ पक्ष के प्रारंभ दिवस पर आयोजन किया जा रहा है। मिश्र ने बताया कि यात्रा 27 सितम्बर की प्रातः ?10 बजे शहीद शिरोमणि चन्द्र शेखर आजाद की बदरका स्थित प्रतिमा से प्रारम्भ होकर अपने संगठन पूर्वजों का सम्बंधित स्थानों पर आभार नमन करते हुए समापन इसी दिन सायंकाल अमर शहीद राजा राव राम बख्श सिंह के स्मारक बक्सर में होगा। मिश्र ने क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं व सम्मानित नागरिकों से भाग लेने की अपील की है।

# बिजली संकट गहराया, अघोषित कटौती से जनता त्रस्त

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अघोषित कटौती के चलते उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। विभाग दिन में ही नहीं, अब रात में भी रोस्टिंग के नाम पर घंटों बिजली गुल कर रहा है ।पुरवा पावर हाउस से कस्बे सहित ग्रामीण अंचलों को आपूर्ति दी जाती है। पहले सुबह तीन घंटे और दोपहर में तीन घंटे की निर्धारित रोस्टिंग होती थी, अब रात में भी कस्बे में दो घंटे और गांवों में चार घंटे तक बिजली काटी जा रही है। ऊपर से बार-बार ट्रिपिंग और शटडाउन ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं ।कस्बे के अलावा मंगतखेड़ा, बाजीखेड़ा, बेहटा और चमियानी फीडर से जुड़े गांवों में सबसे ज्यादा कटौती हो रही है। रात में बिजली गायब होने से भीषण गर्मी और मच्छरों के बीच लोगों को जागकर रात गुजारनी पड़ रही है ।विधानसभा चुनाव सिर पर हैं, ऐसे में लगातार हो रही अघोषित कटौती से विभाग सरकार की किरकिरी करा रहा है। इस बारे में अधिकारियों से पक्ष जानने की कोशिश की गई तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और मामले को टालते नजर आए।

# अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, शोक सभा के बाद न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव ।तहसील बीघापुर में सेंटर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर व अधिवक्ताओ की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसके पश्चात अधिवक्ताओं ने एक शोक सभा का आयोजन कर खुद को दिनभर के न्यायिक कार्यों से पूरी तरह विरत रखा ।अधिवक्ताओं द्वारा एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में तहसील प्रांगण में जलभराव के कारण अधिवक्ताओं और तहसील आने वाले वादकारियों को हो रही भारी असुविधा। बिना सुनवाई किए मुकदमों को सीधे खारिज करना , अधिवक्ता राजकुमार यादव के मकान के आसपास भरे पानी की त्वरित निकासी वाटर रिजर्व के पानी का बहाव गलत दिशा में होने के कारण आसपास हो रही समस्या का स्थाई समाधान की समस्याये रखी। साथ ही अधिवक्ता विनय शंकर उर्फ रज्जन बाबू के आकस्मिक निधन पर शोक सभा कर न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा की। इस मौके पर मुख्य रूप से विनय कुमार शुक्ला, अरुण कुमार वर्मा, विवेक मिहान, शेर बहादुर सिंह, अमर नाथ बाजपेयी, चंद्र कांत बाजपेयी, राजकुमार तथा प्रदीप शुक्ला सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# नौकरी का झांसा देकर युवक से ठगे लाखो रुपए दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अचलगंज नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक युवक छह लाख रुपये जमा करा लिए। वापस मांगने पर गाली गलौज व जानमाल की धमकी देकर भगा दिया । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गाली गलौज व अपराधिक विश्वासघात की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

थाना क्षेत्र के जमुका निवासी आदित्य चौरसिया ने अचलगंज पुलिस को तहरीर देते हुए बताया गांव निवासी रंजीत ने डीपीआरओ कार्यालय में नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 16 फरवरी 2024 से लेकर 29 जनवरी 2026 तक छह लाख रुपये अलग अलग खातों में जमा करवाये है नौकरी न लगने पर जब उक्त व्यक्ति से पैसे वापस मांगे गए। तो वह गाली गलौज करते हुएमारपीट पर उतारू हो गया । 8 सितंबर को जब उसके दरवाजे रुपए मांगने गये तो वहगाली गलौज करने लगा तथा जानमाल की धमकी देते हुए मारपीट पर उतारू हो गया ।पुलिस ने आदित्य की तहरीर पर रंजीत के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात की धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज की है । एस ओ सुब्रत त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

## सम्पादकीय

# भारत में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों की बढ़ती जटिलता

भारत की आंतरिक सुरक्षा का चरित्र तेजी से बदल रहा है। कभी आतंकवाद का अर्थ था सीमा पार से घुसपैठ करते हथियारबंद लोग, कभी अलगाववादी संगठनों को मिलने वाली विदेशी फंडिंग और कभी पड़ोसी देशों की धरती से संचालित आतंकी शिविर। अब खतरा इससे कहीं अधिक जटिल हो चुका है। विदेशी नागरिक, स्थानीय उग्रवादी संगठन, आधुनिक तकनीक, ड्रोन, साइबर नेटवर्क और सीमापार अस्थिरता का गठजोड़ भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए नए दौर के हाइब्रिड वॉरफेयर की ओर इशारा करता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ताजा कार्रवाई इसी बदलते सुरक्षा परिदृश्य को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। एनआईए ने अमेरिकी नागरिक मैथ्यू आरोन वैन डाइक व छह यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी के मुताबिक ये लोग म्यांमार के रास्ते मिजोरम सीमा से भारत में दाखिल हुए थे और बाद में देश के विभिन्न हिस्सों में पकड़े गए। जांच एजेंसी ने इनके संबंध जातीय सशस्त्र समूहों से होने तथा भारत और म्यांमार में सक्रिय समूहों को सहायता एवं ड्रोन प्रशिक्षण देने की आशंका जताई है। दरअसल, इस पूरे मामले का महत्व सात विदेशी नागरिकों से कहीं बड़ा है। भारत के सामने आज सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियों में से एक यह है कि बाहरी शक्तियां देश के भीतर मौजूद किसी असंतोष, जातीय तनाव या क्षेत्रीय संघर्ष को अपने हितों के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकती हैं। इसे ही हाइब्रिड वॉरफेयर के संदर्भ में देखा जाता है। इसमें दुश्मन धन भेज सकता है, तकनीक उपलब्ध करा सकता है, प्रशिक्षण दे सकता है, सोशल मीडिया पर नैरेटिव खड़ा कर सकता है और स्थानीय संघर्ष को ऐसी क्षमता दे सकता है, जिससे वह कहीं अधिक विस्फोटक बन जाए। भारत के लिए पूर्वोत्तर इस लिहाज से विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्र है। म्यांमार की राजनीतिक अस्थिरता का सीधा प्रभाव भारत की सुरक्षा पर पड़ता है। दूसरी ओर, इस क्षेत्र में दशकों से सक्रिय विभिन्न जातीय और उग्रवादी समूहों का इतिहास रहा है। यही वह परिस्थितियां हैं, जिनका लाभ कोई बाहरी शक्ति उठाने की कोशिश कर सकती है। अब इसमें ड्रोन तकनीक भी जुड़ गई है। आज ड्रोन का इस्तेमाल हथियार और नशीले पदार्थ पहुंचाने, निगरानी करने और सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जा सकता है। यदि किसी स्थानीय सशस्त्र संगठन को बाहरी विशेषज्ञ प्रशिक्षण या तकनीकी सहायता मिलने लगे तो उसका सुरक्षा प्रभाव कई गुना बढ़ सकता है। पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन पहले ही भारत की सुरक्षा एजेंसियों के सामने चुनौती बन चुके हैं। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में हथियार और ड्रग्स पहुंचाने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल ने यह साबित किया है कि सीमा पार आतंकवाद का मॉडल भी तकनीकी रूप से बदल रहा है। ऐसे में पूर्वोत्तर में किसी विदेशी नेटवर्क द्वारा ड्रोन प्रशिक्षण दिए जाने की आशंका को भी उसी व्यापक तकनीकी बदलाव के संदर्भ में देखना होगा। चीन का संदर्भ भी यहां महत्वपूर्ण है। भारत और चीन के बीच प्रत्यक्ष सैन्य तनाव के अलावा रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र लगातार व्यापक हुआ है। यही कारण है कि भारत की आंतरिक सुरक्षा को अब केवल गृह मंत्रालय या पुलिस का विषय मानना पर्याप्त नहीं होगा। यह विदेश नीति, सीमा प्रबंधन, खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा, वित्तीय निगरानी और रक्षा नीति से सीधे जुड़ा विषय है। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है इंटेलिजेंस का एक ऐसा एकीकृत तंत्र जो सीमा के उस पार से लेकर भारत के भीतर सक्रिय अंतिम नेटवर्क तक पूरी कड़ी को जोड़ सके।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# कुटीर उद्योग बना अवैध शराब का धंधा

> जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस शराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शराब के लगातार कहर ढहाने के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है।

मध्य-प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण ने कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है। इस शराब का निर्माण बड़े पैमाने पर सीधे-सीधे आसवनी भट्टियों में हो रहा है। यह शराब ड्रमों में लाकर रसायानों से बनाई जा रही है। सागर जिले के बंडा तहसील के ग्राम ततरबारा में अवैध शराब निर्माण की जो फैक्ट्री बताई जा रही है, उसमें बकायदा अलग-अलग ब्रांड की शराब तैयार करके बोतलों में पैकिंग की जाती थी। यानी शराब निर्माण के सभी उपकरण इस फैक्ट्री में मौजूद थे। इस निर्माण से जुड़े नेटवर्क के तार मुरैना से भी जुड़े बताए जा रहे हैं। आमतौर से देशी तरीके से बनाई जा रही शराब भी जहरीली शराब में तब बदल जाती है, जब उसमें घटिया सामग्री का असंतुलित घालमेल बैठा दिया जाता है। ऐसा ज्यादा कमाई के चक्कर में किया जाता है, जो दीनहीनों की मौत का कारण बन जाती है।

एक समय जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस शराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शराब के लगातार कहर ठहाने के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है। इस जहरीली शराब कांड में जिन 30 शराब विक्रेताओं को आरोपी बनाया गया है, उनमें सत्तारूढ़ दल से जुड़े दो सरपंच और एक शराब ठेकेदार शामिल हैं। कुछ आरोपितों को सीधे-सीधे एक पूर्व मंत्री से जुड़ा बताया जा रहा है। साफ है, प्रदेशभर में शराब निर्माण और विक्रय की ठेकेदारी ऐसे लोगों के हाथ में है, जो बाहुबली होने के साथ ऊंची पहुंच रखने वाले है। इसलिए जो भी कार्यवाही होगी वह तत्काल तो मीडिया में असरकारी दिखेगी, लेकिन फिर दर्ज एफआईआर शून्य में बदलती चली जाएंगी। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने तीन साल पहले शराबबंदी की मुहिम चलाई थी, लेकिन तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कुटिल चतुराई के चलते वह नक्कारखाने की तूती साबित हुई।

शराब की दुकानें और शराब बिक्री के लिए जो नई आबकारी नीति सामने आई थी, उसमें उमा भारती की मुहिम और धमकी का कोई असर दिखाई नहीं दिया था। इस अबकारी नीति के सामने आने के समय से ही अनेक अनुत्तरित सवाल आज भी खड़े हुए हैं।

नीति में स्पष्ट नहीं है कि जो शुष्क दिन है, मसलन गांधी जयंती, 15 अगस्त, 26 जनवरी, होली और चुनाव प्रक्रिया के दौरान घरों में शराब का बार खोलने की जो छूट चली आ रही है, वह यथावत जारी रहेगी या नहीं ? होम-बार की आड़ में उज्जैन, ओरछा, ओमकारेश्वर जैसे पवित्र नगरों में भी शराबखोरी चलती रहेगी। हालांकि सरकार ने प्रत्यक्ष तौर पर कोई भी नई दुकान खोलने का निर्णय इस नीति में नहीं लिया है, परंतु पिछले दरवाजे से



शराब बेचने की पगडंडियां खुली छोड़ दी गई हैं। देशी शराब की दुकान पर विदेशी और विदेशी शराब की दुकान पर देशी शराब बेची जाती रहेगी। फैसले से स्पष्ट होता है कि सरकार ने तकनीकी रूप से कानूनी झोल की सुविधा बरकरार रखकर यथास्थिति बनाए रखी है। नई आबकारी नीति से सबसे ज्यादा फजीहत उमा भारती की हुई थी। ओरछा की जिस शराब की दुकान पर भारती ने गोबर फेंककर आक्रोश प्रकट किया था, वहां से भी दुकान बदली नहीं गई। अंत में भारती ने राजनीतिक चतुराई बरतते हुए रामराजा मंदिर मार्ग पर खुली दुकान का सारा दोष प्रशासन पर मढ़कर अपनी मुहिम को विराम दे दिया था। यह दुकान पहले नगर में अंदर की तरफ डेढ़ किमी दूर थी, किंतु तब कमाई कम होती थी, ठेकेदार को लाभ दिलाने के लिए जिला आबकारी विभाग ने यह दुकान मंदिर के प्रवेश द्वार पर खुलवा दी। इस दुकान के खोले जाने का विरोध ओरछा के नागरिकों, विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल के नेताओं ने संयुक्त रूप से किया था। लेकिन बात नहीं बनी। पूरी प्रदेश सरकार इस दुकान के आगे नतमस्तक हो गई थी। इस पराजय के बाद से उमा भारती ने शराबबंदी की मुहिम से पूरी तरह तौबा कर आंखें मूंद लीं। शराबबंदी को लेकर अकसर यह प्रश्न खड़ा किया जाता है कि इससे होने वाले राजस्व की भरपाई कैसे होगी और शराब तस्करी को कैसे रोकेंगे? ये चुनौतियां अपनी जगह वाजिब हो सकती हैं, लेकिन शराब के दुष्प्रभावों पर जो अध्ययन किए गए हैं, उनसे पता चलता है कि उससे कहीं ज्यादा खर्च, इससे उपजने वाली बीमारियों और नशा-मुक्ति अभियानों पर हो जाता है। इसके अलावा पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं भी नए-नए रूपों में सुरसामुख बनी रहती हैं। घरेलू हिंसा से लेकर कई अपराधों और जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं की वजह भी शराब बनती है। यही कारण है कि शराब के विरुद्ध खासकर ग्रामीण परिवेश की महिलाएं मुखर आंदोलन चलातीं, समाचार माध्यमों में दिखाई देती हैं। इसीलिए माहात्मा गांधी ने शराब के सेवन को एक बड़ी सामाजिक बुराई माना था। उन्होंने स्वतंत्र भारत में संपूर्ण शराबबंदी लागू करने की पैरवी की थी। 'यंग इंडिया' में गांधी ने लिखा था, 'अगर मैं केवल एक घंटे के लिए भारत का सर्वशक्तिमान शासक बन जाऊं तो पहला काम यह करूंगा कि शराब की सभी दुकानें, बिना कोई मुआबजा दिए तुरंत बंद करा दूंगा।' बावजूद गांधी के इस देश में सभी राजनीतिक दल चुनाव में शराब बांटकर मतदाता को लुभाने का काम करते हैं।

ऐसा दिशाहीन नेतृत्व देश का भविष्य बनाने वाली पीढ़ियों का ही भविष्य चौपट करने का काम कर रहा है। वर्तमान में तो पूरे प्रदेश में शराब के साथ-साथ स्मैक, चरस की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने शराब पर अंकुश लगाने की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब की दुकानें खोलने पर रोक लगा दी थी। किंतु सभी दलों के राजनीतिक नेतृत्व ने चतुराई बरतते हुए नगर और महानगरों से जो नए बाइपास बने हैं, उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी और पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों का इस श्रेणी से विलोपीकरण कर दिया। मध्य-प्रदेश में भी यही किया गया। साफ है, शराब की नीतियां शराब कारोबारियों के हित दृष्टिगत रखते हुए बनाई जा रही हैं। यह हित इसलिए साधे जा रहे हैं, क्योंकि ठेकेदारों के साथ राजनेता और अधिकारी भी इस गठबंधन के हिस्सेदार हो गए हैं। यदि ये शामिल नहीं है तो साफ है, शराब माफिया सरकार पर भारी हैं। अतएव जहरीली शराब का यह गोरखधंधा भविष्य में भी रुकने वाला नहीं है। उमा भारती शराबबंदी के लिए सड़क पर उतरेंगी, नामुमकिन है ?

मंथन
दिनेश शर्मा 'दिनेश'



# विवेक और संवेदना का संसार हैं पुस्तकें

मानव सभ्यता की विकास यात्रा में श्रुति परम्परा के बाद ज्ञान, विचार और मानवीय संवेदनाओं के हस्तांतरण का सबसे सशक्त और प्रामाणिक माध्यम सदैव से छपे हुए शब्द ही रहे हैं। एक समय था जब छपे हुए शब्द मात्र सूचना संप्रेषित करने का कोई साधारण साधन नहीं हुआ करते थे, अपितु वे जीवन-दर्शन, लोक-संस्कृति और वैचारिक गहराई के संवाहक माने जाते थे। जब भी कोई पाठक किसी मुद्रित पुस्तक को अपने हाथों में लेता था तो वह केवल कागज़ के निर्जीव पन्ने नहीं पलटता था, बल्कि वह रचनाकार के मस्तिष्क और उसकी आत्मा के साथ एक अत्यंत गहन, मौन और आत्मीय संवाद स्थापित करता था। छपे हुए शब्दों की वह दुनिया अद्भुत थी। तब किसी वैचारिक गद्य को पढ़ने अथवा शास्त्रीय साहित्य के किसी गूढ़ दार्शनिक अर्थ को समझने के लिए जिस एकाग्रता और तन्मयता की आवश्यकता होती थी, वह मनुष्य के भीतर एक असाधारण धैर्य का निर्माण करती थी। काव्य-रसिक जब किसी विशुद्ध कविता, दोहे या मुक्तक के साये को पढ़ते थे तो वे मात्र शब्दों को बांचते नहीं थे, बल्कि शब्दों की लय, मात्राओं के कठोर अनुशासन और उनके नेपथ्य में छिपे गहरे भावों को अपने हृदय में उतारते थे। एक-एक छंद पर रुकना, उसके अर्थ-विस्तार पर विचार करना और उसकी गहराई में उतर जाना ही पठन का वास्तविक आनंद हुआ करता था। हमारी समृद्ध लोक-परंपराओं, ग्रामीण अंचलों से निकले लोक-साहित्य और पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक गीतों में जो अमूल्य दर्शन पिरोया गया है, वह इसी गंभीर स्वाध्याय और धैर्य की मांग करता है।

उस स्वर्णिम दौर में पठन-पाठन केवल कुछ नई बातें जान लेने की सतही प्रक्रिया न होकर एक प्रकार का आध्यात्मिक और मानसिक अनुष्ठान था। किंतु समय के चक्र ने एक अत्यंत तीव्र और अकल्पनीय करवट ली। आज हम तकनीकी चकाचौंध के उस चरम बिंदु पर खड़े हैं, जहां आभासी पटल और मायावी विद्युतीय तंत्र ने हमारे जीवन के हर पहलू को अपने मोहपाश में बांध लिया है। वर्तमान परिदृश्य में, त्वरित संचार माध्यमों और यंत्रों के चमचमाते फलकों ने हमारे पढ़ने, समझने और विचार करने की आदतों को जड़ से बदल कर रख दिया है। आज हम सूचनाओं के एक अथाह महासागर में गोते तो लगा रहे हैं, लेकिन उस महासागर की गहराई में उतरकर ज्ञान के सच्चे मोती निकालने का समय और धैर्य अब हमारे पास शेष नहीं है। त्वरित संतुष्टि और तत्काल सूचना प्राप्ति की इस अंधी दौड़ ने स्वाध्याय की मूल प्रकृति को बुरी तरह खंडित कर दिया है। आज पठन की जगह केवल सरसरी निगाह से देखने और उंगलियों को निरंतर आभासी फलक पर खिसकाते रहने की एक नई और खतरनाक प्रवृत्ति ने ले ली है। आज के अधीर पाठक को यदि प्रथम कुछ पंक्तियों में ही कोई चौकाने वाला तत्व या कोई त्वरित निष्कर्ष प्राप्त नहीं होता तो वह बिना क्षण भर विचार किए तुरंत दूसरे विकल्प की ओर भाग खड़ा होता है। यह अधीरता केवल पठन-पाठन तक ही सीमित नहीं रह गई है, वरन यह हमारे चिंतन, मनन और विवेकपूर्ण विचार करने की मौलिक क्षमता को भी कुंद कर रही है। हम ज्ञान और बोध से कोसों दूर जा रहे हैं और केवल निर्जीव आंकड़ों के निष्क्रिय उपभोक्ता मात्र बनकर रह गए हैं।

साहित्यिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक प्रतीत होती है। जब हम किसी लोक-कथा, पीढ़ियों से गाए जा रहे किसी पारंपरिक गीत या किसी मर्मस्पर्शी आलेख को अत्यंत शीघ्रता से पार कर जाते हैं तो हम अनजाने में ही उसकी मूल आत्मा को मार देते हैं। छपे हुए शब्दों की अपनी एक स्वतंत्र ध्वनि होती है, वाक्यों का अपना एक अंतर्निहित संगीत होता है। जब कोई रचनाकार किसी दोहे, मुक्तक या वैचारिक गद्य का सृजन करता है तो वह शब्दों के भार, उनके अर्थ और उनके भाषाई संतुलन को बड़ी तपस्या के साथ साधता है। गंभीर पठन के अभाव में, आज की नई पीढ़ी उस शिल्प, उस लालित्य और उस भाषाई सौंदर्य को महसूस करने से सर्वथा वंचित होती जा रही है।

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहा- मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराज- मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहा- तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहा- महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोले- निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पृथ्वी के सतत अवलोकन के लिए एक नया कदम

पृथ्वी अवलोकन उपग्रह अब शासन व्यवस्था, आपदा राहत, कृषि क्षेत्र, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय सुरक्षा में आवश्यक उपकरण बन गए हैं। ये उपग्रह पृथ्वी की सतह, वायुमंडल और महासागरों के बारे में दूरस्थ संवेदन डेटा प्रदान करते हैं और सरकारों को उन परिवर्तनों पर नजर रखने में मदद करते हैं जिन्हें जमीनी प्रणालियों द्वारा आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता है। भारत में पृथ्वी अवलोकन मिशन वर्षों से अच्छी तरह स्थापित है और ईओएस-05 का प्रक्षेपण इसकी क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी भू-तुल्यकालिक कक्षा से इमेजिंग करने की क्षमता भारतीय क्षेत्र का बार-बार अवलोकन करने में सक्षम बनाती है। *- ब्रिजेश चौहान, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### हजारिका की जन्म शताब्दी



डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी पर मैं उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनकी आवाज ने असम के साथ पूर्वोत्तर के गौरव को पूरे देश के लोगों के दिलों तक पहुंचाया। संगीत के माध्यम से उन्होंने लोगों की भावनाओं को बहुत ही खूबसूरती से व्यक्त किया। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### सत्य निकेतन की घटना दुःखद



सत्य निकेतन की दुखद घटना के बाद एमसीडी के डिप्टी कमिश्नर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुपरिटेंडिंग इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। बिल्डिंग के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। **- रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों पर कार्रवाई



दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई तो दूर की बात है, अक्सर आरोपी उन्हीं की पार्टी के होते है और पूरा तंत्र दोषियों को बचाने में लग जाता है। एक आम नागरिक अब उनकी पार्टी और सरकार के सामने खुद को बेबस महसूस कर रहा है। **-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### हॉस्टल की क्षमता



हर साल, लाखों छात्र किसी दूसरे शहर में अपने सपने को पूरा करने के लिए अपना घर छोड़ते है। लेकिन क्या हम उन्हें रहने के लिए सुरक्षित जगह दे रहे है? दिल्ली में लगभग 7 लाख छात्र पढ़ते है, जबकि हॉस्टल की क्षमता मुश्किल से 30,000 है। **- सोनू सूद**, फिल्म अभिनेता

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में अल नीनो से पेयजल संकट, लाखों लोग प्रभावित



श्रीलंका में उभरती अल नीनो स्थिति, बढ़ते तापमान और कम बारिश के कारण देश के कुछ हिस्सों में शुष्क मौसम की स्थिति गंभीर होने से 1.15 लाख से अधिक लोग पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के महानिदेशक अजित विजेमन्ना ने कहा कि अल नीनो की स्थिति विकसित हो रही है और हो सकता है कि यह मौजूदा मौसम संबंधी परिस्थितियों को प्रभावित कर रही हो। अल नीनो मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के पानी के समय-समय पर गर्म होने की स्थिति है, जो क्षेत्र में तापमान को प्रभावित कर सकती है।

## ऑफ बीट

### सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है।

## संक्षेप

### वायरल फीवर के मरीज बढ़े

**सीएचसी और निजी क्लीनिकों पर भीड़, डॉक्टरों ने सतर्क रहने की सलाह दी**

शाहजहांपुर , भावलखेड़ा इलाके में मौसम के लगातार बदलते रुख और रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण वायरल फीवर, सर्दी-खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। तापमान में बदलाव की वजह से बड़ी संख्या में लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसका असर भावलखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के साथ ही निजी डॉक्टरों के क्लीनिकों पर भी साफ दिख रहा है। पिछले कई दिनों से सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पताल में आने वाले मरीजों में करीब 90 प्रतिशत मरीज वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, बुखार और इससे जुड़े लक्षणों से पीड़ित हैं। मंगलवार को भी भावलखेड़ा सीएचसी की ओपीडी में मरीजों की काफी भीड़ रही। मरीजों को डॉक्टर की सलाह और जरूरी इलाज दिया गया। मरीजों की संख्या ज्यादा होने से अस्पताल परिसर और ओपीडी के बाहर भी काफी भीड़ दिखी। वायरल फीवर और सर्दी-खांसी की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंचने वालों में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी शामिल हैं। कई मरीजों में बुखार के साथ गले में खराश, खांसी, जुकाम, बदन दर्द और कमजोरी जैसे लक्षण भी दिख रहे हैं। शहर के सीनियर डॉक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बारिश के बाद हवा में नमी बढ़ने और तापमान में लगातार बदलाव होने से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में लोग ठंडे-गर्म वातावरण के संपर्क में आने पर जल्दी बीमार पड़ सकते हैं। डॉक्टरों ने लोगों को साफ-सफाई का खास ध्यान रखने, गंदे पानी और खुले में रखी खाने की चीजों से बचने और खूब पानी पीने की सलाह दी है। डॉक्टरों ने कहा कि बुखार, लगातार खांसी-जुकाम या अन्य लक्षण होने पर लापरवाही न करें और डॉक्टर से सलाह लेकर ही दवा लें। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

### बारिश में मकान का लेंटर गिरा, परिवार बाल-बाल बचा

**गढ़िया रंगीन में नईम खान के घर में हुआ हादसा, कुछको मामूली चोटें**

शाहजहांपुर ,गढ़िया रंगीन कस्बे में बुधवार सुबह करीब पांच बजे नईम खान के मकान का लेंटर अचानक टूटकर गिर गया। हादसे के वक्त नईम खान और उनका पूरा परिवार घर में ही लेटा हुआ था। लेंटर गिरने से घर में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में परिवार के कुछ सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं। परिवार में नईम खान (50), नसरा बेगम (45), बेटी रिफा खान (18), बेटी जोया खान (17) और बेटा आदिल खान (8) मौजूद थे। गनीमत रही कि कोई गंभीर चोट नहीं आई।नईम खान ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण मकान का लेंटर कमजोर होकर गिर गया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान अपने घरों की स्थिति पर ध्यान दें।

# देवलखा चौराहे पर फ्रेंड्स इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम का भव्य शुभारंभ

**विधायक आनंद यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन, बोले, तेजी से बढ़ रहा इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। देवलखा चौराहे पर फ्रेंड्स इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कैसरगंज विधायक आनंद यादव ने फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विधायक आनंद यादव ने इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते चलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार तेजी से आगे बढ़ रहा है। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के लिए एक बेहतर और किफायती विकल्प बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग और बढ़ने की संभावना है। विशेष अतिथि डॉ. अरविंद कुमार सिंह एवं कैसरगंज ब्लॉक प्रमुख संजीव कुमार सिंह बिशेन ने भी इलेक्ट्रिक बाइक की उपयोगिता और बदलते समय के साथ परिवहन के क्षेत्र में आ रहे बदलाव पर अपने विचार रखे। अतिथियों ने शोरूम के संचालक को शुभकामनाएं देते हुए प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शोरूम के प्रोपराइटर एवं दैनिक जागरण गजाधरपुर के संवाददाता अशरफ अली लाल पाठक ने अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शोरूम पर ग्राहकों को इलेक्ट्रिक बाइक के विभिन्न विकल्प उपलब्ध कराने के साथ बेहतर सेवा देने का प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में कुरौनी ग्राम पंचायत के पूर्व एवं वर्तमान प्रधान, देवलखा चौराहा क्षेत्र के व्यापारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। समारोह के दौरान लोगों ने इलेक्ट्रिक बाइक के विभिन्न मॉडलों को देखा और उनकी खूबियों की जानकारी ली। फ्रेंड्स इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम के शुभारंभ से क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों के कारोबार को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। समारोह में मौजूद लोगों ने इसे देवलखा चौराहा क्षेत्र के लिए परिवहन और व्यापार के क्षेत्र में एक नई शुरूआत बताया।

# बाढ़-आपदा से बचाव के बताए गुर, एनडीआरएफ टीम ने किया जागरूक

**आपात स्थिति से निपटने के बताये जरूरी टिप्स**

**अमन लेखनी समाचार**




कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज नगर पंचायत के सभागार में एनडीआरएफ टीम की ओर से आपदा एवं बाढ़ से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम के प्रभारी मंडल दीपक मंडल ने मौजूद लोगों को बाढ़ समेत विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। दीपक मंडल ने बताया कि बाढ़ या किसी अन्य आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य रखते हुए सुरक्षित स्थान की ओर जाना चाहिए। उन्होंने लोगों को आपात स्थिति में स्वयं के साथ-साथ बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को सुरक्षित निकालने के तरीके भी बताए। एनडीआरएफ टीम ने बाढ़ के दौरान सुरक्षित स्थान पर पहुंचने, प्राथमिक उपचार, डूबने से बचाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव दल के साथ सहयोग करने संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आपदा के समय जागरूक कर जान-माल के नुकसान को कम करना रहा। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। एनडीआरएफ टीम ने कहा कि आपदा से पूरी तरह बचना हमेशा संभव नहीं होता, लेकिन सही जानकारी, सतर्कता और समय पर उठाए गए कदम से नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# स्टडी टेबल से सुगम हुई पढ़ाईः प्रधान अतुल सिंह

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के ग्राम पंचायत रहीम नगर में स्थिति परिषदीय स्कूल में बच्चों को स्टडी टेबल बांटे गए।ग्राम प्रधान अतुल कुमार सिंह और प्रधानाध्यापक ने कक्षा तीन,चार और पांच के छात्र-छात्राओं को यह टेबल दी। स्टडी टेबल प्रकार बच्चों के चेहरे पर खुशी आ गई और उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ गया। ग्राम प्रधान अतुल सिंह नें बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अच्छे भविष्य के लिए लगातार कोशिश करने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा और सुविधा देना उनकी पहली प्राथमिकता में है भविष्य में भी स्कूल में शिक्षक-छात्र की जरूरत के हिसाब से दूसरी जरूरी सुविधाएं भी जल्द दी जाएंगी। स्टडी टेबल मिलने से बच्चों में खुशी का माहौल देखने को मिला। छात्राओं ने इस पहल के लिए ग्राम प्रधान अतुल कुमार सिंह का आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक अरविन्द सिंह,नवी अहमद,चंद्र प्रकाश,लल्लू राम, काशीराम सहित मेधावी छात्र और अभिभावकगण मौजूद रहे।

# अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, बाइक सीज

**अमन लेखनी समाचार**




रुपईडीहा, बहराइच। थाना रुपईडीहा पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद कर एमवी एक्ट में सीज की गई है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व सीओ नानपारा चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार मंगलवार को टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम गड़रहवा में बलराम भट्ठा से करीब 500 मीटर पहले बगीचे के पास से एक संदिग्ध युवक को दोपहर 1:32 बजे पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान शेर खाँ पुत्र नसीर निवासी गुप्तावरपुरवा, मजरा शंकरपुर, थाना रुपईडीहा के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उसके कब्जे से एक होंडा शाइन 100 ऊ मोटरसाइकिल नं. UP 40BQ1643, और 140 रुपये नगद बरामद हुआ है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना रुपईडीहा में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय रवाना कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक धनजी सिंह, कांस्टेबल विवेक सिंह, मो. तनवीर खाँ और अनुप कुमार शामिल रहे।

# रामपुर धोबिया में बड़े पैमाने पर महिला स्वयं सहायता समूह का हुआ गठन

**पंचायत सचिव की उपस्थिति में 144 महिलाओं को जोड़ा गया**

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। जिले के ब्लॉक शिवपुर अंतर्गत रामपुर धोबिया हार में बुधवार को महिला स्वयं सहायता समूह के गठन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें 12 समूह बनाकर 144 महिलाओं को शामिल किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम प्रधान के निवास पर पंचायत सचिव जगतजीत पटेल, ओम प्रकाश यादव और बीएमएम रामकिशोर की मौजूदगी संपन्न में हुआ।पंचायत सचिव जगतजीत पटेल ने बताया कि महिला सशक्तिकरण, महिला उन्मूलन, महिला उत्थान, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, महिला सुरक्षा, जीवन स्तर में सुधार, पोषण आदि के लिए भारत सरकार द्वारा यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे कि ग्रामीण अंचलों की महिलाओं की आर्थिक दशा में सुधार हो सके। इन महिलाओं को समूह के माध्यम से 50,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस मदद से वे अपना छोटा व्यवसाय शुरू कर सकेंगी और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर पाएंगी। यह



कार्यक्रम भारत सरकार की महिला सशक्तिकरण, महिला उन्मूलन, महिला संरक्षण और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने वाली विभिन्न योजनाओं के तहत आयोजित किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश लोधी के सहयोग से यह कार्यक्रम पूरा हुआ। इसमें लगभग 200 महिलाएं शामिल रहीं।

# चम्पतपुर में सड़क-नाली निर्माण का आश्वासन, ग्रामीणों का धरना समाप्त

**जलालाबाद के चम्पतपुर में बरसात रुकते ही इंटरलॉकिंग और नालियां बनेंगी, एडीओ पंचायत ने शरबत पिलाकर खत्म कराया**

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद परशुरामपुरी विकास खंड की ग्राम पंचायत जेरा रहीमपुर के मजरा चम्पतपुर गांव में पिछले तीन दिनों से चल रहा ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी। एडीओ पंचायत रमेश चंद्र मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शरबत पिलाकर धरना समाप्त कराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बरसात बंद होते ही चम्पतपुर गांव में इंटरलॉकिंग सड़क और नालियों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, चम्पतपुर गांव में लंबे समय से नाली और सड़क का निर्माण नहीं हुआ था, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश था। ग्रामीणों का कहना था कि बरसात में जलभराव और कीचड़ के कारण आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है। इसी मांग को लेकर ग्रामीण पिछले तीन दिनों से धरने पर बैठे थे। आज एडीओ पंचायत रमेश चंद्र मिश्रा अपनी टीम के साथ ग्राम पंचायत पहुंचे। उन्होंने धरने पर बैठे ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। एडीओ पंचायत ने ग्रामीणों को बताया कि ग्राम निधि में बची हुई धनराशि और भविष्य में आने वाली धनराशि से सबसे पहले चम्पतपुर गांव में ही नाली और सड़क का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। इस दौरान एडीओ पंचायत ने ग्रामीणों के सामने एक शर्त भी रखी। उन्होंने कहा कि गांव में बनने वाली सड़क के लिए 3 मीटर चौड़ी जगह की जरूरत होगी।ि

जन ग्रामीणों ने सड़क पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है, वे स्वेच्छा से 3 मीटर की जगह छोड़कर अपने निर्माण कार्य करें, ताकि वर्तमान में 3 मीटर चौड़ी सड़क पर इंटरलॉकिंग या खड़ंजे का निर्माण कार्य ठीक से कराया जा सके। धरना समाप्त कराने के अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी शिशिर मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी विश्वास सिंह यादव, वर्तमान में ग्राम पंचायत में तैनात सचिव शिवओम अग्निहोत्री और प्रधान पति सुधाकर राजपूत भी मौके पर मौजूद रहे।

# 60 लाख की अफीम के साथ चार अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

**एसएसबी और रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त बड़ी कार्रवाई**

### हिमांचल की ट्रैवलर गाड़ी से 4.917 किलो अफीम बरामद

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**




रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में ररइ और थाना रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक ट्रैवलर वाहन की तलाशी के दौरान 4.917 किलो अवैध अफीम बरामद कर एक महिला समेत चार अंतरराष्ट्रीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रुपये बताई गई है। रूपईडीहा थाना प्रभारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम तथा एस एस बी के डिप्टी कमांडेंट शशि भूषण के नेतृत्व वाली टीम ने बुधवार को भारत-नेपाल सीमा से बहराइच जाने वाले मार्ग पर जैतापुर मोड़ से पहले पुराने बस स्टॉप के पास एक ट्रैवलर वाहन को रोककर जांच की।तलाशी के दौरान ट्रेलर वाहन संख्या HP01A8898 से एक काले रंग के बैग में छिपाकर रखी 4.917 किलो अवैध अफीम बरामद हुई। मौके से वाहन में सवार नेपाल निवासी चट्टान बसनेर व उसकी पत्नी गीता खत्री, हिमाचल प्रदेश निवासी राजकुमार तथा नेपाल निवासी देवेंद्र बुढ़ा को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, 4310 नेपाली रुपये और 6510 भारतीय रुपये भी बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल में टेक्नो स्पार्क-8, पोको सी-51, ओप्पो रेनो-2 और ओप्पो-17 प्रो शामिल हैं। पुलिस ने मामले में थाना रुपईडीहा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय बहराइच भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में चट्टान बसनेर व उसकी पत्नी गीता खत्री निवासी जाजरकोट, नेपाल, देवेंद्र बुढ़ा निवासी बागमती प्रदेश, नेपाल तथा राजकुमार निवासी शिमला, हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। कार्रवाई में थाना रुपईडीहा पुलिस के साथ ररइ 42वीं वाहिनी के जवान शामिल रहे।

# ऑपरेशन मुस्कानः पुलिस ने बरामद किए 120 गुम मोबाइल मोबाइल मालिकों को लौटाए

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत उन्नाव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों की संयुक्त टीम ने (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर ) पोर्टल का प्रभावी इस्तेमाल करते हुए 120 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने बरामद किए गए मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। पुलिस के अनुसार, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश और अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन तथा पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेंज के निर्देशन में गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह ने जिले के सभी थानों पर टीम गठित कर गुम मोबाइलों से संबंधित शिकायतों को पोर्टल पर अपलोड कराने और उनकी बरामदगी के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### अगस्त तक बरामद हुए थे 488 मोबाइल

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी शैलेन्द्र लाल के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल तथा सभी थानों की संयुक्त टीम लगातार मोबाइलों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2026 में अगस्त तक 488 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके थे, जिनकी कुल कीमत करीब 1 करोड़ 1 लाख 50 हजार रुपये थी।

इसके बाद 9 सितंबर को उएकफ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर अलग-अलग स्थानों से 120 और मोबाइल फोन बरामद किए गए।इनकी



कीमत करीब 25 लाख रुपये है। इस तरह वर्ष 2026 में अब तक कुल 608 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 26 लाख 50 हजार रुपये है।

### एक साल में 1133 मोबाइल बरामद

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 में भी गुम मोबाइलों की बरामदगी के अभियान के तहत 525 मोबाइल फोन बरामद किए गए थे। इनकी कीमत करीब 1 करोड़ 15 लाख रुपये थी। वर्ष 2025 और 2026 में अब तक कुल 1133 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं।

### आईफोन से लेकर रेडमी-पोको तक मोबाइल शामिल

9 सितंबर को बरामद किए गए 120 मोबाइलों में अलग-अलग कंपनियों के एंड्रॉयड और मल्टीमीडिया फोन शामिल हैं। इनमें एक आईफोन, 11 सैमसंग, 13 ओप्पो, 22 वीवो, 21 रियलमी, पांच टेक्नो, चार लावा, 17 रेडमी, पांच मोटोरोला, एक आईटेल, पांच इनफिनिक्स, चार वनप्लस, एक आईक्यूओ, एक नथिंग, एक पोवा और आठ पोको मोबाइल शामिल हैं।

### पोर्टल से मोबाइल तलाशने में मिली मदद

पुलिस के मुताबिक केंद्र सरकार के दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय द्वारा विकसित CEIR पोर्टल गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। थानों पर प्राप्त गुम मोबाइलों की शिकायतों को पोर्टल पर दर्ज कर उनके संबंध में तकनीकी जानकारी के आधार पर कार्रवाई की जाती है। इसी प्रक्रिया के जरिए पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों से मोबाइल बरामद किए।

एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने गुम मोबाइलों की शत-प्रतिशत बरामदगी के लिए थानों और सर्विलांस टीम को समय-समय पर कड़े निर्देश दिए थे। पुलिस का कहना है कि टीमों की सक्रियता और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी इस्तेमाल से लगातार मोबाइल बरामद किए जा रहे हैं।

### सभी थानों की टीमों ने संभाली जिम्मेदारी

मोबाइल बरामदगी अभियान में सर्विलांस सेल के प्रभारी अतुल कुमार वर्मा के साथ हेड कांस्टेबल सुदीप कटियार, हेड कांस्टेबल शीतांश गंगवार, कांस्टेबल प्रशांत बालियान, विवेक कुमार, आकाश बालियान और अरुण कुमार शामिल रहे।

इसके अलावा कोतवाली सदर, गंगाघाट, अजगैन, पुरवा, मौरावां, बांगरमऊ, बेहटा मुजावर, बिहार, बीघापुर, अचलगंज, दही, आसीवन, फतेहपुर चौरासी, सफीपुर, माखी, औरास, हसनगंज, सोहरामऊ और असोहा थानों की CEIR टीमों ने भी मोबाइलों की बरामदगी में सहयोग किया।पुलिस द्वारा बरामद मोबाइल संबंधित स्वामियों को सौंपे जाने के बाद उनके चेहरों पर खुशी दिखाई दी। गुम मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने उन्नाव पुलिस की तकनीकी पहल और कार्रवाई की सराहना की।

## संक्षेप

### गोआश्रय केंद्र में पशुओं की मौत, प्रभारी निलंबित

**केयरटेकर बदला; जांच के लिए 3 सदस्यीय टीम बनी, ग्रामीणों ने 13 मौतें बताई**

देवरिया , कुंडौली स्थित काजी हाउस गोआश्रय केंद्र में पशुओं की मौत और अव्यवस्थाओं का मामला सामने आया है। इसके बाद जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) अर्जुन सिंह ने मंगलवार को केंद्र का निरीक्षण किया। अव्यवस्थाएं मिलने पर गोआश्रय केंद्र के प्रभारी और जिला पंचायत निरीक्षक पारसनाथ दूबे को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। केंद्र के केयरटेकर को भी बदल दिया गया है। पशुओं की मौत की सही संख्या और कारणों की जांच के लिए जिला मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) श्रीनिवास प्रसाद ने तीन सदस्यीय टीम गठित की है। टीम को तीन दिन में जांच रिपोर्ट देनी होगी। ग्रामीणों का दावा है कि तीन दिन के अंदर 13 बछड़ों की मौत हुई है, जबकि सीवीओ के निरीक्षण में दो पशुओं की मौत की पुष्टि हुई है। जांच टीम में सलेमपुर के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वेद प्रकाश, बरहज के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार और भागलपुर के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रामध्यान सिंह शामिल हैं। टीम केंद्र में मौजूद गोवंश की संख्या, मृत पशुओं की संख्या, मौत के कारण, बीमार पशुओं के इलाज, चारा-पानी की व्यवस्था और केयरटेकर की मौजूदगी समेत कई बिंदुओं की जांच करेगी। गेट पर ताला, अंदर मिले मृत पशु सीवीओ श्रीनिवास प्रसाद ने सोमवार को केंद्र का निरीक्षण किया था। उनके अनुसार, गोआश्रय केंद्र का गेट बंद मिला और वहां कोई केयरटेकर मौजूद नहीं था। गेट के बाहर दो पशु घूम रहे थे। अंदर देखने पर दो पशु मृत मिले, जबकि अन्य पशु गंदगी और कीचड़ में पड़े थे अभिलेखों में केंद्र में 44 पशुओं के पंजीकरण की बात सामने आई है। सीवीओ ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा और उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी। मंगलवार को एएमए अर्जुन सिंह ने केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान टूटी नाली, गंदगी, पानी की अव्यवस्था समेत कई कमियां मिलीं। उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। जेई दिनेश कुमार को तीन दिन के भीतर नाली की मरम्मत, फर्श को करीब एक फुट ऊंचा कराने, नाद के पास पानी का रिसाव रोकने और पानी की टंकी की सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

### चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायबरेली पुलिस ने 5 लाख का सामान बरामद कर वारदातों का खुलासा किया**

रायबरेली ,कोतवाली नगर पुलिस को अपराधियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कॉन्फ्रेंस में सीओ नगर आशीष निगम ने पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों में कोतवाली नगर, रायबरेली क्षेत्र में कई चोरियां हुई थीं। इन सूचनाओं पर तुरंत संबंधित धाराओं में थानों में मामले दर्ज कर लिए गए थे। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, रायबरेली के निर्देश पर चोरियों का पता लगाने के लिए खास पुलिस टीमें बनाई गई थीं। इन टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और दूसरे सबूतों के आधार पर तेजी से जांच की।

# रोशनपुर गांव के दो नागरिकों ने अलग-अलग जगह पर लगाई फांसी हुई मौत

## संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ में लटका मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर/जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रोशनपुर में एक युवक का शव नीम के पेड़ में लटकता मिला जानकारी मिलने पर परिजनों में हाहाकार मच गया वहीं मृतक की बहन शिवसखी ने हत्या की आशंका जताई सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी जहानाबाद योगेश कुमार ने शव को नीचे उतार पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा मिली जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय युवक रामसनेही जाफरगंज थाना क्षेत्र के अधिरजपुर गांव का निवासी था जो अपने ससुराल रोशनपुर में रह रहा था विगत दिवस मंगलवार देर शाम वह पान मसाला लेने के लिए घर से गया तथा वापस नहीं लौटा भोर पहर गुरुवार गांव के नागरिक अपने खेत जा रहे थे उसी समय देखा गया कि एक नीम की पेड़ में रामसनेही का शव साड़ी के फंदे से लटका हुआ है ग्रामीणों ने शोर मचाया तथा परिजनों को जानकारी दी वही बहन भी रोती बिलखती सूचना पाकर मौके पर पहुंची तथा बताया कि उसकी भाभी वंदना का फोन उसके पास आया था जहां वंदना ने कहा कि अपने भाई को गांव बुला लो इसी बात को लेकर बहन ने मामले को संदिग्ध बताया थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के पश्चात जांच तथा अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

### गांव के ही एक युवक ने सूरत में फांसी लगाकर की आत्महत्या

वही गांव में दूसरी घटना एक और हुई जहां ग्रामीण 25 वर्षीय युवक दीपक पुत्र विजयपाल ने फोन पर पत्नी रागिनी से विवाद करते हुए दूसरे प्रांत गुजरात के सूरत शहर में काम करते हुए अपनी कंपनी में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी फोन के माध्यम से परिजनों को दी गई वहीं युवक का शव पैतृक गांव जहानाबाद थाना क्षेत्र के रोशनपुर पहुंचा शव पहुंचते ही पत्नी समेत परिजनों में कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार गांव में पत्नी रागिनी परिजनों के साथ रहती थी वही मृतक का शव लेकर भाई शिवा गांव पहुंचा अचानक हुई दोनों घटनाओं से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई

# तालाब में उतराता मिला युवक का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार



मृतक दिनेश - फाइल फोटो

फतेहपुर। जनपद के हथगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत इदरीस गांव में स्थापित बंधवा तालाब में एक 32 वर्षीय युवक दिनेश पुत्र मन्नूलाल लोधी का शव उतराता मिला हैरतअंगेज बात यह थी कि तालाब में पड़े शव का मुंह एक काले गमछे से बंधा हुआ था वही पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां पहुंचे पुलिस प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया मौके पर पहुंचे मृतक के चाचा नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस मंगलवार को मध्यान्ह समय मृतक दिनेश के फोन पर एक फोन आया था इसके पश्चात वह घर से चला गया देर शाम तक वापस नहीं लौटा दिनेश अपने तीनों भाइयों में मंझिला भाई था जहां बड़े भाई दिलीप तथा छोटे भाई अरविंद की पहले ही मौत हो चुकी थी मृतक अविवाहित था वही एक बहन कमला जिसका विवाह पूर्व काल में हो चुका है शव की शिनाख्त करते हुए मां धुरियां ने मृतक के करीबी मित्र 28 वर्षीय रामदीन पुत्र सनेही लोधी निवासी शाहपुर द्वारा सूचना मिलने की बात बताई वही यह सुनते ही मौके पर मौजूद मृतक का मित्र रामदीन वहां से फरार हो गया वही मां ने हत्या की आशंका जताई थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं जांच प्रारंभ की

# सोचा था मच्छर ने काटा तकिया के नीचे निकला सांप युवक कानपुर हैलट रेफर



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव फरीदपुर निवासी 45 वर्षीय ग्रामीण इब्राहिम पुत्र अहमद हुसैन को एक सर्प ने अपना शिकार बना लिया मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण भोजन करने के पश्चात अपने घर के अंदर चारपाई में सो गया जहां मध्य रात्रि उसने सोचा शायद किसी मच्छर ने काट दिया परंतु कुछ समय पश्चात ही करवट लेने पर चारपाई में दूसरी तरफ तकिया के नीचे उसे जहरीला सर्प दिखाई दिया यह देखते ही उसने शोर मचाया तथा परिवार के अन्य लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे आनन-फानन इब्राहिम को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात फतेहपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया वही खबर लिखते समय मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने भी उसे कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार चल रहा है

# क्लास 4 का छात्र लापता

## स्कूल की छुट्टी के बाद आटो से घर जा रहा था, पुलिस की 4 टीमें तलाश में लगीं

अमन लेखनी समाचार



पद्मनाभ गिरी, छात्र

गोरखपुर, ऑटो में बैठा कक्षा 4 का छात्र लापता हो गया। छात्र एचपी डिफेंस एकेडमी में पढ़ता है। छुट्टी के बाद वह ऑटो से घर जा रहा था। ऑटो चालक एक बच्ची के लिए चिप्स लेने गया। वापस लौटने पर छात्र ऑटो में नहीं मिला, जबकि उसका स्कूल बैग वहीं पड़ा था। सूचना मिलते ही कैंट पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र की तलाश शुरू कर दी। क्राइम ब्रांच और सर्विलांस टीम भी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। पुलिस छात्र के स्कूल से निकलने के बाद के संभावित रास्तों और ठिकानों की जानकारी जुटा रही है। लापता छात्र की पहचान राप्तीनगर के रहने वाले मनोज गिरी के पुत्र पद्मनाभ गिरी (9) के रूप में हुई है। घटना सिविल लाइंस स्थित बुधवार दोपहर करीब 1:40 बजे हुई।

### पहले भी भागने की कोशिश कर चुका था

ऑटो चालक आशीष कुमार जायसवाल ने बताया कि बच्चा पहले भी कई बार ऑटो से उतरकर भागने की कोशिश कर चुका है। इसको लेकर मैंने उसके परिजनों से बच्चे को समझाने की हिदायत भी दे चुका हूं। आशीष ने बताया कि बुधवार को मैं सुबह बच्चे को घर से लेकर स्कूल पहुंचा था। दोपहर करीब 1:30 बजे छुट्टी के बाद मैं स्कूल के अंदर गया और बच्चों को ऑटो में बैठाकर बाहर लाया। ऑटो में एसपी डिफेंस स्कूल के 3 बच्चे, फीडर्स स्कूल की दो बच्चियां और एचपी चिल्ड्रेन स्कूल की एक बच्ची समेत कुल 6 बच्चे थे। स्कूल के आसपास पानी भरा होने के कारण काफी जाम लगा था। बच्चे पैदल और साइकिल से भी आ-जा रहे थे। सभी बच्चों को ऑटो में बैठाने के बाद पद्मनाभ ने मुझसे कहा कि उसका खेलने का मन कर रहा है और वह पानी में खेलने के लिए जाना चाहता है।

### चिप्स लेने गया, वापस लौटा तो बच्चा ऑटो में नहीं था

आशीष ने बताया कि मैंने पद्मनाभ को ऑटो में ही बैठे रहने को कहा। इसके बाद मैं ऑटो के सामने पेड़ के नीचे लगे ठेले से एक बच्ची के लिए चिप्स लेने चला गया। करीब एक-दो मिनट बाद वापस लौटा तो पद्मनाभ ऑटो में नहीं था।आशीष ने बताया कि मैंने आसपास काफी तलाश की और बच्चे को आवाज लगाकर भी देखा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

# युवक और दादी पर दबंगों का हमला

**बेल्ट और लोहे के कड़े से पीटा, चांदी की चेन लूटी**

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली ,ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक और उसकी दादी पर दिनदहाड़े हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने युवक को बेल्ट और लोहे के कड़े से पीटा। हमलावर उसके गले से चांदी की चेन भी उठा ले गए और मोबाइल ईंट से मारकर तोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार दोपहर की है। पूरे मुराइन मजरे हटवा निवासी राज अपनी दादी बिटाना देवी को बाइक से बुआ के घर सलोन जा रहा था। गंगेहरा पुल के पास तीन लोग और उनका एक अज्ञात साथी पहले से मौजूद था। उन्होंने राज को रोक लिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर राज से पूछा गया कि वह उनके दुश्मनों के साथ क्यों रहता है। इसी बात पर गाली-गलौज शुरू हो गई और आरोपियों ने बेल्ट व लोहे के कड़े से राज की पिटाई कर दी। हमले के दौरान राज के गले में पड़ी चांदी की चेन टूटकर गिर गई, जिसे आरोपी उठा ले गए। इसके अलावा उसका मोबाइल भी ईंट से मारकर तोड़ दिया गया। जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि दोबारा उनके दुश्मनों के साथ दिखने पर जान से मार देंगे। राज ने बुधवार शाम करीब 4 बजे कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कोतवाल ओमप्रकाश ने बताया कि शुरूआती जांच में मारपीट की वजह पुरानी रंजिश सामने आई है। घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




# सहारनपुर मस्जिद ध्वस्तीकरण मामला पहुंचा हाईकोर्ट

## कमेटी ने दी चुनौती, बिना नोटिस और आदेश के कार्रवाई का आरोप

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , सहारनपुर में मस्जिद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। मस्जिद कमेटी ने प्रशासन की कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है याचिका मस्जिद कमेटी के मुतवल्ली मोहम्मद तनवीर अहमद की ओर से दाखिल की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रशासन ने पर्याप्त कानूनी नोटिस और वैध ध्वस्तीकरण आदेश के बिना कार्रवाई की। याचिका में भूमि के स्वामित्व और प्रशासनिक कार्रवाई की वैधानिकता पर भी सवाल उठाए गए हैं। साथ ही पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 यानी वर्शिप एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। 16 जुलाई को सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत ने मस्जिद को सरकारी जमीन पर कब्जा माना जानकारी के मुताबिक, सहारनपुर में सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत ने 16 जुलाई 2026 को संबंधित मस्जिद को सरकारी जमीन पर अनधिकृत कब्जे के रूप में माना था। अदालत ने मस्जिद प्रबंधन पर जुमार्ना भी लगाया था इसके बाद मस्जिद प्रबंधन की ओर से जिला अदालत में अपील दाखिल की गई। अपील खारिज होने के बाद प्रशासन ने 5 सितंबर को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मस्जिद को ध्वस्त कर दिया।

### हाईकोर्ट में प्रशासनिक कार्रवाई की वैधानिकता पर सवाल

मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में कहा है कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले पर्याप्त कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

याचिका में कार्रवाई के लिए जारी नोटिस और आदेश की वैधानिकता पर भी सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता ने भूमि के स्वामित्व को लेकर भी अपना पक्ष रखा है। इसके साथ ही पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के प्रावधानों का हवाला देते हुए कार्रवाई को चुनौती दी गई है।

### जिला प्रशासन, राज्य सरकार और वक्फ बोर्ड पक्षकार

मामले में जिला प्रशासन, उत्तर प्रदेश सरकार और संबंधित वक्फ बोर्ड को पक्षकार बनाया गया है। मस्जिद कमेटी की याचिका पर हाईकोर्ट में अगले सप्ताह सुनवाई होने की उम्मीद जताई जा रही है। सुनवाई के दौरान प्रशासन की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई और इसके लिए अपनाई गई कानूनी प्रक्रिया के संबंध में पक्ष रखा जाएगा। वहीं, मस्जिद कमेटी की ओर से कार्रवाई को चुनौती देने के आधार अदालत के सामने रखे जाएंगे। मस्जिद को ध्वस्त किए जाने के बाद इस मामले को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी प्रतिक्रियाएं सामने आईं। मुस्लिम संगठनों और विपक्षी नेताओं ने प्रशासन पर जल्दबाजी में कार्रवाई करने का आरोप लगाया। वहीं, सत्ता पक्ष की ओर से कार्रवाई को न्यायिक प्रक्रिया और अदालत के आदेश के अनुपालन से जुड़ा बताया गया

# जमीन पर निर्माण कराने गए तो 20 लाख रंगदारी मांगी

## प्रयागराज में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज , शासन में शिकायत के बाद कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज ,हरवारा में भूमिधरी जमीन पर कब्जे का मामला सामने आया है। कटरा निवासी सतीश चंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया है कि करीब 2000 वर्ग मीटर जमीन पर अलग-अलग लोगों को कब्जा दिलाया गया। बची हुई जमीन को सुरक्षित करने के लिए बाउंड्रीवाल बनवाने की कोशिश की गई तो आरोपियों ने अपने साथियों के जरिए वहां हंगामा और विवाद कराया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई और 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई। शिकायत के आधार पर धूमनगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है दूसरी आराजियों का बैनामा, कब्जा दूसरी जमीन पर कराने का आरोप्सतीश चंद्र गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मौजा हरवारा, परगना और तहसील सदर में आराजी संख्या 546, 549, 551, 552, 554 और 555 में वह अकेले खातेदार हैं। आरोप है कि पीयूष पटेल उर्फ दिव्य प्रकाश सिंह और उसके पिता रणजीत सिंह ने दूसरी आराजियों की जमीन का बैनामा कराने के बाद उनकी भूमिधरी जमीन के करीब 2000 वर्ग मीटर हिस्से पर अलग-अलग लोगों को कब्जा दिला दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, बची हुई जमीन को सुरक्षित रखने के लिए जब उसने बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू कराया तो आरोपियों ने अपने लोगों को वहां भेज दिया। आरोप है कि इन लोगों ने मौके पर हंगामा और विवाद किया। शिकायत में गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और 20 लाख रुपए रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया गया है।कई मुकदमे दर्ज होने का भी दावाशिकायतकर्ता ने पीयूष पटेल पर पहले से कई मुकदमे दर्ज होने और जेल जाने का भी दावा किया है। इसके साथ ही जमीन की खरीद-फरोख्त और अन्य गतिविधियों में एक आरोपी द्वारा कथित तौर पर दो नाम से फर्जी पैनकार्ड इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में हरवारा स्थित कुछ संपत्तियों और एक हॉस्टल का भी जिक्र किया गया है। आरोप लगाया गया है कि हॉस्टल की आड़ में माफिया से जुड़े लोगों को संरक्षण दिया जाता है। हालांकि, इन आरोपों की पुलिस जांच कर रही है।अधिकारियों से शिकायत के बाद र्ज हुआ मुकदमासतीश चंद्र गुप्ता का कहना है कि जमीन पर कब्जे को लेकर उन्होंने कई बार सक्षम अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद अपर मुख्य सचिव गृह, उत्तर प्रदेश शासन को शिकायत भेजकर आरोपियों के खिलाफ भूमाफिया और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की गई।

# 6 लोगों से 43 लाख की साइबर ठगी

**निवेश में मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया, डाउनलोड कराकर रकम ट्रांसफर कराए**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, साइबर ठगों ने अलग-अलग लोगों को निशाना बनाकर 43 लाख 4 हजार 98 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। सोमवार को साइबर क्राइम थाने में छह अलग-अलग शिकायतों पर मामले दर्ज किए गए। सभी मामलों में आरोपियों के नाम अज्ञात दर्ज किए गए हैं।पहले मामले में सदरपुर निवासी दिलीप कुमार मिश्रा से 9 लाख 790 रुपये की ठगी हुई। वहीं, ऐस सिटी निवासी आर्यन तोमर से 5 लाख 82 हजार 100 रुपये ठग लिए गए। तीसरे मामले में नोएडा निवासी दिव्या से 7 लाख 50 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई। इसके अलावा नोएडा निवासी शिवम साहनी से 6 लाख 69 हजार रुपये, सेक्टर-39 निवासी मुकेश सिंह से 7 लाख 50 हजार 303 रुपये और सेक्टर-9 निवासी मोहित से 6 लाख 51 हजार 905 रुपये ठग लिए गए। पहले भरोसा जीता, फिर लाखों की रकम कराई ट्रांसफरपुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि ज्यादातर मामलों में ठगों ने निवेश पर मोटा मुनाफा देने का झांसा दिया। शुरूआत में पीड़ितों को कुछ रकम का मुनाफा देकर उनका भरोसा जीता गया। इसके बाद उनसे बड़ी रकम निवेश के नाम पर अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराई गई।

# गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्र को भेजा नोटिस निरस्त

## प्रदर्शन में शामिल होने पर छात्र को मिला था, अब पुलिस ने लिया वापस

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) के छात्र अक्षत त्रिपाठी को पुलिस की ओर से भेजा गया नोटिस वापस ले लिया गया है। छात्र पर एक राजनीतिक दल के जंतर-मंतर प्रदर्शन में शामिल होने और दूसरे छात्रों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया गया था। कार्यपालक मजिस्ट्रेट तृतीय, ग्रेटर नोएडा कमिश्नरेट की अदालत के माध्यम से 4 सितंबर को अक्षत को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 130 के तहत नोटिस जारी किया गया था। इसमें छह महीने तक शांति बनाए रखने के लिए पांच लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो स्थानीय जमानत देने को लेकर जवाब मांगा गया था। मामले की सुनवाई 5 सितंबर को होनी थी।

### पुलिस ने तनाव की जताई थी आशंका

पुलिस रिपोर्ट में बताया गया था कि अक्षत मूल रूप से प्रयागराज के झूंसी क्षेत्र का रहने वाला है और वर्तमान में ईकोटेक-1 इलाके में रहकर जीबीयू में पढ़ाई कर रहा है। पुलिस का आरोप था कि वह विश्वविद्यालय के अन्य छात्रों को एक राजनीतिक दल के प्रस्तावित धरने में शामिल होने के लिए उकसा रहा था और सरकार के खिलाफ भ्रामक बातें फैला रहा था।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा, 2 अरेस्ट

## 14 बाइक बरामद, खाली प्लॉट में छिपाकर सस्ते में बेचते थे

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की 13 मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले बाइक और स्कूटी की रेकी करते थे। इसके बाद मौका देखकर वाहन चोरी कर सुनसान खाली प्लॉट में छिपा देते थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने मंगलवार को सूरजपुर में प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गिरोह के बारे में गोपनीय सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जारचा निवासी सैफ अली और दादरी निवासी शादाब को गिरफ्तार कर लिया।एक मैकेनिक, दूसरा कबाड़ खरीदता है पूछताछ में पुलिस को पता चला कि सैफ अली मैकेनिक का काम करता है, जबकि शादाब कबाड़ खरीदने का काम करता है। दोनों वाहन चोरी करने के लिए पहले इलाके में घूमकर बाइक और स्कूटी की रेकी करते थे। वाहन पसंद आने के बाद मौका देखकर उसे चोरी कर लेते थे। पुलिस के अनुसार चोरी किए गए वाहनों को तत्काल बेचने के बजाय दोनों उन्हें सुनसान और खाली प्लॉट में छिपाकर रखते थे।

# पन्नूगंज पुलिस द्वारा मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने के लिए मारपीट करने वाले 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पन्नूगंज श्रीनिवास पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना पन्नूगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। घटना आवेदक कमलेश पुत्र राज नारायण निवासी पड़ गई, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र द्वारा थाना पन्नूगंज उपस्थित होकर तहरीर दी गई कि उसकी बहन अर्चना पत्नी राजू गुप्ता निवासी कसारी रामगढ़, थाना पन्नूगंज से विपक्षीगण द्वारा थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 48/2026, धारा 103(1), 61(2) बीएनएस को वापस लेने हेतु दबाव बनाया जा रहा था। इसी क्रम में विपक्षीगण द्वारा अर्चना के साथ डंडों से मारपीट की गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आने के कारण वह बेहोश हो गई। बहन को बचाने पहुंचे वादी कमलेश के साथ भी मारपीट कर चोट पहुंचाई गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पन्नूगंज पर मुकदमा अपराध संख्या 165/2026, धारा 109, 115(2), 352, 351(3), 3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया।मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 08.09.2026 को समय 10:30 बजे उ0नि0 अवधेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# एनडीपीएस एक्ट अभियोगों में वांछित 07 अभियुक्तों पर पुरस्कार घोषित

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को प्रभावी बनाते हुए एनडीपीएस एक्ट अभियोगों में वांछित चल रहे कुल 07 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुरस्कार घोषित किया गया है। उक्त सभी अभियुक्त जनपद सोनभद्र के विभिन्न थानों पर पंजीकृत अभियोगों में वांछित चल रहे हैं। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु जनपद पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, परन्तु गिरफ्तारी न होने के कारण पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा इनकी गिरफ्तारी पर पुरस्कार घोषित किया गया है।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा सम्बन्धित पुलिस टीमों को वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। साथ ही अभियुक्तों के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त करने एवं गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की



जाती है कि उक्त वांछित अभियुक्तों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सूचना होने पर पुलिस को तत्काल अवगत करायें।सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम एवं पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

# अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों का हो सर्वे, किसानों को मिले मुआवजा- प्रज्ज्वल यादव

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा। गरौठा विधानसभा क्षेत्र में लगातार बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों में पानी भर गया है, जिससे मूंगफली, उड़द और तिल जैसी खरीफ फसलें बर्बाद हो गई हैं।किसानों ने प्रशासन से तुरंत फसल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है।कई गांवों में खेतों में पानी भरने से तैयार फसलें खराब हो गई हैं।किसानों का कहना है कि उन्होंने फसल उगाने में काफी मेहनत और पैसा लगाया था। लेकिन, भारी बारिश ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया है। फसलें बर्बाद होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट आ गया है।किसानों की इस समस्या को लेकर गुरुवार को समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक यादव (प्रज्ज्वल) ने गरौठा उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने तुरंत फसल नुकसान का सर्वे कराने की मांग की। प्रज्ज्वल यादव ने कहा कि राजस्व और कृषि विभाग की एक संयुक्त टीम बनाकर प्रभावित गांवों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए।ज्ञापन में मांग की गई है कि हर प्रभावित किसान के फसल नुकसान का सही और पारदर्शी आकलन हो। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर योग्य किसानों को जल्द ही नियम के अनुसार मुआवजा और क्षतिपूर्ति दी जाए।इसके अलावा, जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है, उन्हें फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश देने की भी मांग की गई।अभिषेक यादव ने कहा कि भारी बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं। प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि तुरंत सर्वे कराया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर सरकारी मदद, मुआवजा और फसल बीमा का लाभ मिल सके।किसानों को अब प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द सर्वे होगा और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को नियम के अनुसार राहत मिलेगी।इस दौरान शैलेन्द्र सिंह यादव, शंकर शरण बापू, मनोज यादव, राहुल कुमार, विवेक तिवारी, मोहित यादव, प्रताप सिंह, नीरज, सत्येंद्र यादव, शिवम यादव, समीर खां, हरिओम, पुष्पेंद्र यादव, गोलू, आकाश और मदन मोहन सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

**खास समाचार**

# चोपन पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त के विरुद्ध धारा 82/83 BNSS की कार्यवाही

**अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा कर मुनादी के माध्यम से की गई उद्घोषणा।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।थाना चोपन पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज जूनियर डिवीजन एफ0टी0सी0, सोनभद्र द्वारा मुकदमा संख्या 372/19, धारा 138 एन0आई0 एक्ट, थाना चोपन से संबंधित अभियुक्त संत कुमार तिवारी पुत्र राम गोविंद तिवारी निवासी कुरहुल, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध जारी गिरफ्तारी आदेश पत्र एवं धारा 82 व 83 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अनुपालन में नियमानुसार कार्रवाई की गई।न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के ग्राम कुरहुल स्थित घर पर दबिश दी गई, जहां अभियुक्त मौके पर मौजूद नहीं मिला तथा उसके मकान पर ताला बंद पाया गया।पुलिस टीम द्वारा मौके पर उपस्थित दो गवाहों की मौजूदगी में अभियुक्त के मकान के मुख्य दरवाजे पर दर्शनीय एवं पठनीय नोटिस चस्पा किया गया। इसके साथ ही नियमानुसार मुनादी कराते हुए उद्घोषणा की गई तथा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के संबंध में सार्वजनिक रूप से अवगत कराया गया।

# वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों पर विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई, विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 18 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार




**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्टों के शत-प्रतिशत अनुपालन एवं वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सोनभद्र ऋषभ रूणवाल एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों के अपने-अपने सर्किल में कुशल पर्यवेक्षण में समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाकर वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सघन कार्रवाई की गई। इसी क्रम में आज दिनांक 08.09.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मुकदमों में मा0 न्यायालय से निर्गत वारण्टों के आधार पर कुल 18 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उन्हें मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



कुरुक्षेत्र। आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भेंरिया पिहोवा में खंड स्तरीय छात्र कानूनी साक्षरता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रामराज कौशिक खंड शिक्षा अधिकारी, पिहोवा ने की, जबकि कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती नवदीप कौर, प्राचार्या, रा.व.मा. विद्यालय भेंरिया रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।अपने अध्यक्षीय संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी रामराज कौशिक ने कहा कि विद्यार्थियों को छोटी उम्र से ही कानून की जानकारी होना अति आवश्यक है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें और समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठा सकें। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विद्यालय की प्राचार्या एवं नोडल अधिकारी श्रीमती नवदीप कौर ने सभी अतिथियों, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और न्याय के प्रति समझ पैदा करते हैं। इस अवसर पर ब्लॉक पिहोवा के कानूनी साक्षरता संयोजक नरेश शर्मा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में खंड के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों के 280 बच्चों ने भाग लिया और निबंध लेखन में प्रथम प्रतिभा संधौली स्कूल, द्वितीय वंशिका मुर्तजापुर, तृतीय नेहा दीवाल इंटरनेशनल स्कूल रहे, भाषण में एल्विन रा.व.मा.वि. पिहोवा प्रथम, भटेड़ी से पवनी द्वितीय, तलहेड़ी स्कूल से आरती तृतीय रहे, वाद-विवाद में कन्या स्कूल पिहोवा प्रथम, मुर्तजापुर द्वितीय व कलराला गुजरान तृतीय रहे एवं पेंटिंग में आरती कन्या स्कूल पिहोवा प्रथम, राखी सारसा स्कूल द्वितीय, सोनम अरनैचा स्कूल तृतीय रहे, स्लोगन लेखन में अंशुल थाना स्कूल प्रथम, कीर्ति कन्या विद्यालय पिहोवा द्वितीय और तृतीय हुसनदीप कौर एस आई एस एकेडमी पिहोवा रहे, स्किट में मुर्तजापुर प्रथम, ठसका मीराँजी द्वितीय व भेरियां स्कूल की टीम तृतीय रहे। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में प्रथम अंजली सारसा स्कूल, द्वितीय एकमजोत कौर एस आई एस एकेडमी, तृतीय वंश बौधनी स्कूल रहे, डॉक्यूमेंट्री में मुर्तजापुर स्कूल से संजीव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कविता वाचन में प्रथम सारसा स्कूल से उर्वशी, द्वितीय हिमांशी कटारिया रा.व.मा.वि. पिहोवा, तृतीय सुनीधि मॉडल स्कूल थाना से तृतीय रहे, प्रश्नोत्तरी में मुर्तजापुर स्कूल की टीम प्रथम, स्यांसर स्कूल की द्वितीय व मॉडल स्कूल थाना की टीम तृतीय रही। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# प्रसिद्ध ऋशियन स्थान में कैमरा बिगाड़ कर अराजक तत्वों ने शिवलिंग खोदा: भक्तों के आस्था के साथ खिलवाड़

**अमन लेखनी समाचार**



चित्रकूट। ग्राम पंचायत बरहा कोटरा के अन्तर्गत आने वाला पौराणिक स्थल ऋषियन आश्रम स्थित है जहाँ पर प्राचीन शिवगृह(गुफा) में भगवान शिव की स्थापना शिवलिंग के रूप में है उपरोक्त ऋषियन आश्रम की देख रेख के लिये शासन से प्राप्त सी॰ सी॰ टी॰ वी॰ कैमरा लगाया गया है प्रार्थी उक्त स्थान का संचालक एवं प्रमुख पुजारी है आज दिनांकः-07-09-2026 को प्रतिदिन की भाँति जब मैं पहुंचा तो देखा की कैमरा की तार टूटी हुई थी इसलिए कैमरा बन्द था,शिवगृह (गुफा) के अन्दर पहुचने पर देखा की गुफा के पश्चिमी छोर पर जो शिवलिंग स्थापित था वह गिरा हुआ था समीप जा कर देखा तो स्पष्ट हुआ की शिवलिंग की चारो तरफ खुदाई की गई थी और खुदाई करके शिवलिंग को गिराया गया था उल्लेखनीय है कि सी॰ सी॰ टी॰ कैमरा जब लगाया गया था तो उस समय लगभग 1 माह तक कैमरा का सम्पर्क मेरे मोबाइल नम्बर 8081878203 से था जिसके द्वारा आश्रम की गतिविधियों पर मै निगाह रखता था कैमरा लगने के समय से ही वर्तमान ग्राम प्रधान सरोज देवी का पुत्र ध्रुव कुमार अपने मोबाइल नम्बर को आश्रम के कैमरे में सम्बद्ध कर लिया था आज से लगभग एक सप्ताह पूर्व मेरे मोबाइल नम्बर का सी॰ सी॰ टी॰ कैमरा से कनेक्शन ग्राम पंचायत सचिव की शरारत से काट दिया गया, जब मैं ग्राम पंचायत सचिव से इस सम्बन्ध में बात किया तो उनके द्वारा कहा गया कि कैमरा की बैटरी चार्ज न होने के कारण कनेक्शन विच्छेद हुआ है जब मैंने सचिव से कैमरा रिचार्ज कराने को कहा तो उन्होने धन का आभाव होने की सफाई दिया जब मैं अपने पैसे से रिचार्ज कराने की बात कहा तब उपरोक्त सचिव इसके लिए भी तैयार नही हुयें, परिणाम स्वरूप दिनांकः-06-09-2026/07-09-2026 की रात को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है खुदाई के तरीके से समझ में आता है कि खुदाई करने वाले लोग किसी चीज की तलाश कर रहे थे आश्रम में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति होने के प्रबल संभावना है पूरी घटना से प्रतीत होता है कि पंचायत सचिव एवं प्रधान के लडके व उनके अज्ञात सहयोगी घटना में संलिप्त है क्योकि इसके पूर्व आश्रम की महत्व पूर्ण फुटेज को डिलीट करने का कार्य प्रधान के लडके द्वारा किया गया था।उपरोक्त घटना गंभीर प्रकृति का अपराध है आगे जिसकी और भी होने की प्रबल आशंका है।घटना की सूचना देने आया हूँ। रिपोर्ट लिखकर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

# बभनी पुलिस ने अवैध गांजा व वेरना कार बरामद कर 02 तस्करों को किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल निर्देशन में थाना बभनी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 06.09.2026 को थाना बभनी पुलिस टीम द्वारा नधिरा तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर बभनी की ओर से आ रही वरना कार संख्या वढ70उऊ8010 को रोककर उसमें सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ एवं वाहन की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान कार की पीछे की लाइट के अन्दर चोरी-छिपे बनाई गयी कैविटी में छिपाकर रखे 24 पैकेट अवैध गांजा बरामद हुए। बरामद गांजे का कुल वजन 24 किलो 150 ग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब ?12,07,500/- है। बरामद गांजे के सम्बन्ध में दोनों व्यक्ति कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम विजय कुमार ओझा एवं विकाश ओझा उर्फ अविनाश ओझा बताया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना बभनी पर मु0अ0सं0 195/2026, धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जिला कारागार सोनभद्र भेजा गया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र सख्त

**घोरावल में पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त पर 20,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को प्रभावी बनाते हुए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में थाना घोरावल जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा 20,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है। उक्त अभियुक्त थाना घोरावल पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा है। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु जनपद पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, परन्तु अभी तक गिरफ्तारी न होने के कारण पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी पर 20,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा सम्बन्धित पुलिस टीम को वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। साथ ही अभियुक्त के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त करने एवं गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं।जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि उक्त वांछित अभियुक्त के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सूचना होने पर पुलिस को तत्काल अवगत करायें।

# 13 वर्ष से लापता युवक बनकर परिवार को भावनात्मक रूप से फंसाकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**साधु के वेश में पहुंचकर लापता बेटे के नाम पर मांगे 06 लाख रुपये, डर एवं अंधविश्वास का सहारा लेकर 05 लाख रुपये ऐंठने की थी तैयारी।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन गोपाल जी गुप्ता के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना चोपन पुलिस द्वारा लंबे समय से लापता युवक बनकर उसके परिजनों को भावनात्मक रूप से फंसाकर धोखाधड़ी एवं ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के 04 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।घटना रामसूरत साहनी के साले का पुत्र करीब 13 वर्षों से लापता था।इसी दौरान नाग पंचमी के अवसर पर दो व्यक्ति साधु के वेश में मध्य प्रदेश के गढ़वा थाना क्षेत्र स्थित पीपरझगर पहुंचे। दोनों व्यक्तियों द्वारा परिवार के लोगों से संपर्क कर स्वयं को 13 वर्षों से लापता युवक बताया गया तथा परिवार एवं रिश्तेदारों के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया।आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से परिवार की भावनाओं का फायदा उठाते हुए कथित युवक के परिवार से मिलने पर रोने का नाटक किया गया तथा लंबे समय बाद परिवार से मिलने की भावनात्मक स्थिति उत्पन्न की गई। बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए परिवार के लोगों को एक मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया गया। इसके बाद परिवार को विंध्याचल बुलाया गया। परिवार के लोग लापता बेटे के मिलने की उम्मीद में विंध्याचल पहुंचे, जहां आरोपियों द्वारा कथित युवक को परिवार का बेटा साबित करने के लिए उसके शरीर पर मौजूद बताए जा रहे निशान भी दिखाए गए, जिससे परिजनों को उसकी पहचान के संबंध में विश्वास हो सके। इसके पश्चात कथित युवक द्वारा अपने गुरु की आज्ञा का हवाला देते हुए घर जाने से इनकार किया गया तथा गुरु को दक्षिणा एवं भंडारे के नाम पर 04 हजार लोगों को 04 बार भोजन कराने की बात कही गई। इसके लिए परिवार से 06 लाख रुपये की मांग की गई। आरोपियों द्वारा रुपये नहीं देने पर परिवार में गंभीर बीमारियां होने तथा परिवार के पूरी तरह बर्बाद होने जैसी बातें कहकर भय एवं अंधविश्वास का माहौल बनाया गया। परिवार द्वारा आर्थिक स्थिति खराब होने की बात बताने पर आरोपियों द्वारा कथित रूप से मांग घटाकर 05 लाख रुपये कर दी गई। लापता बेटे को वापस पाने की उम्मीद में परिवार आरोपियों की बातों में आ गया तथा 05 लाख रुपये जुटाने का प्रयास शुरू कर दिया। परिवार द्वारा पशु, मकान एवं जमीन तक गिरवी रखकर रुपये जुटाने की बात सामने आई है।इसके बाद आरोपियों द्वारा परिवार को अलग-अलग स्थानों पर बुलाकर लगातार रुपये की मांग की जाती रही। परिवार द्वारा विंध्याचल पहुंचकर रुपये देने की बात कहने पर आरोपियों द्वारा अपना स्थान बदलते हुए मुगलसराय की ओर होने की बात कही गई।बाद में कथित युवक द्वारा खाते में केवल 01 लाख रुपये भेजने की बात कही गई। परिवार के एक सदस्य द्वारा आरोपियों द्वारा बताए गए खाते में 01 लाख रुपये भेज भी दिए गए।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।



मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# किंग के सेट से लीक हुई अभिषेक-रानी की तस्वीर

**मुंबई।** शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' के सेट से अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें दोनों कलाकार एक साथ नजर आ रहे हैं। वायरल हो रही इस तस्वीर में रानी मुखर्जी काले रंग की बॉर्डर वाली साड़ी में बेहद सादगी भरे अंदाज में दिख रही हैं। उन्होंने अपने बालों को वेवी लुक दिया है और माथे पर काली बिंदी लगाई है। वहीं, उनके बगल में खड़े अभिषेक बच्चन ग्रे शेड की दाढ़ी, काले चश्मे और सूट में नजर आ रहे हैं। अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे सफल और लोकप्रिय जोड़ियों में से एक रही है।

**लाइफ Style**



# क्रिस्टल

## खराब हिंदी की वजह से छोड़ना पड़ा था पहला शो

ओटीटी के अमेजन प्राइम विडियो पर स्ट्रीम हो रहे ट्रेटर 2 ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इसकी विनर रही क्रिस्टल डिसूजा आज टीवी इंडस्टी की शानदार एक्ट्रेस में से एक है। हाल ही में क्रिस्टल ने ट्रेटर्स 2 की ट्रॉफी को अपने नाम किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत ' कहे ना कहे' से की थी। जिसके बाद स्टार पल्स के फेमस शो ' एक हजारों में मेरी बहना है' के किरदार जीविका सिंह वढेरा से उन्हें घर - घर में पहचान मिली थी। लेकिन, इस शो से पहले उन्हें टीवी इंडस्ट्री की क्वीन एकता कपूर ने 8 महीने में ही उनके डेब्यू शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। क्रिस्टल ने आगे कहा कि आज भले ही हम बेस्ट फ्रेंड्स हैं, लेकिन साल 2007 में जब उन्होंने एकता कपूर के सीरियल 'कहे ना कहे' में डेब्यू किया था, तो उनकी हिंदी बहुत खराब थी, जिसकी वजह से मुझे सीरियल से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। एकता कपूर शो की प्रोड्यूसर थीं, कभी-कभी मुझे पिज्जा खिलाते हुए कहती थीं कि तुम्हें पता है हम साथ में कुछ अच्छा करेंगे। मैं समझ गई थी कि मैं शो में अच्छा नहीं कर पा रही हूं। खैर, उन्होंने मुझे एक्टिंग में मौका दिया, जिसके बारे में उनका कोई विजन रहा होगा। जिसके बाद उन्हें रिप्लेस करके वासना अहमद को शो में कास्ट किया गया। हालांकि, क्रिस्टल ने हार नहीं मानी और वह आमिर अली के साथ सीरियल 'क्या दिल में है' में नजर आईं। बता दें कि 'द ट्रेटर्स' सीजन 2 का प्रीमियर 13 अगस्त को ओटीटी के प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर हो रहा था।

**हॉलीवुड मसाला**



## माइकल में आवाज के कायल हुए लोग

**नई दिल्ली।** 'किंग ऑफ पॉप' माइकल जेक्सन की बायोपिक 'माइकल' ने दुनियाभर में धूम मचा दी। फिल्म में माइकल जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन ने लीड रोल प्ले किया है। जबकि हिंदी डब वर्जन में उन्हें आवाज दी है केतन कावा ने। जब से फल्मि की डजिटिल स्ट्रीमगि शुरू हुई है, केतन चर्चा में हैं। 15 साल की उम्र में डबिंग शुरू करने वाले केतन कावा के लिए ये अब तक के सबसे चुनौतीपूर्ण किरदारों में से एक रहा, क्योंकि उन्हें सिर्फ आवाज मैच नहीं करनी थी, बल्कि हर सीन की इमोशन्स और किरदार के अलग-अलग शेड्स को भी आवाज में उतारना था।



## बीमारी को लेकर शर्म महसूस करने लगे थे

**लॉस एंजिल्स।** जेनिफर एनिस्टन के बॉयफ्रेंड जिम कर्टिस ने लाइफ के उस दौर की कहानी खुलकर सुनाई है, जब 20 साल की उम्र में उन्हें गंभीर बीमारी से गुजरना पड़ा। उन्होंने न्यूयॉर्क में हुए एक कार्यक्रम के दौरान अपनी सेहत को लेकर गंभीर हालात को बयान किया, जिसे लेकर वो कभी शर्म महसूस करने लगे थे। उन्होंने उस दौर को जीवन का सबसे मुश्किल वक्त बताया। उन्होंने बताया कि एक रात उन्हें अस्पताल के इमर्जेंसी रूम में भर्ती होना पड़ा और वहां उन्होंने इंटरनेट पर जब अपनी बीमारी के बारे में पढ़ना शुरू किया तो उनका डर बढ़ने लगा। बाद में वे लोगों को असली स्थिति बताने में शर्म महसूस करते और कहते कि उनका बाइक एक्सिडेंट हुआ है। जेनिफर एनिस्टन 2025 से लाइफ कोच और हिप्नोटिस्ट जिन कर्टिस के साथ रिलेशनशिप में हैं।



## शकः ट्रस्ट नो... से ओटीटी पर रख रहीं कदम

**नई दिल्ली।** 'शकः ट्रस्ट नो वन' से ओटीटी पर कदम रख रही हैं परिणीति चोपड़ा। सीरीज में वो एक ऐसी मां के रोल में हैं, जो 9 साल से अपने लापता बच्चे को ढूंढ रही है। 'शकः ट्रस्ट नो वन' का पहला लुक और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। ये सीरीज 24 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज की कहानी एक ऐसी मां के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पिछले 9 सालों से अपने लापता बच्चे को ढूंढने की कोशिश कर रही है। इस थ्रिलर सीरीज में परिणीति चोपड़ा एक ऐसी मां के किरदार में दिखेंगी जो हर मुश्किल का सामना करते हुए सच तक पहुंचने की कोशिश करती है। अपने बच्चे को तलाशते हुए वो धीरे-धीरे अपनों के ही बनाए जाले, गहरे राजों और धोखों में उलझती चली जाती हैं ।



## अक्षय-सैफ की फिल्म को मिली मंजूरी

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी साइको-थ्रिलर फिल्म 'हैवान' को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। अक्षय कुमार और सैफ अली खान अभिनीत यह फिल्म अपनी रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म की सामग्री की समीक्षा करने के बाद इसे 'यू/ए 16+' सर्टिफिकेट प्रदान किया है, जिसका अर्थ है कि 16 वर्ष से अधिक आयु के दर्शक इसे सिनेमाघरों में देख सकेंगे। हैवान की कुल अवधि 164 मिनट और 7 सेकंड यानी 2 घंटे 44 मिनट और 7 सेकंड तय की गई है। अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी लंबे समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। इससे पहले इन दोनों अभिनेताओं को साल 2008 में आई फिल्म 'टशन' में एक साथ देखा गया था। दर्शक इन दोनों सितारों को एक बार फिर एक साथ स्क्रीन साझा करेंगे।

**टीवी मसाला**

## बिग बॉस 20 : चंद मिनट में बाहर होने पर ट्रोल हुईं रिया

**नई दिल्ली।** रिया अहीर कम वोट्स के चलते 'बिग बॉस 20' के घर में दाखिल होने से पहले ही बाहर हो गई। लेकिन, जैसे ही रिया शो से बाहर हुई ट्रोल्स के निशाने पर आ गई। कई ने तो इतने भद्दे कमेंट्स किए कि सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके रिया ने इन्हें करारा जवाब दिया है। होस्ट सलमान खान ने प्रीमियर एपिसोड में लव गिल और रिया अहीर को एक साथ स्टेज पर बुलाया और जनता के वोट के आधार पर लव गिल को घर के अंदर जाने का मौका मिला, जबकि रिया अहीर को बिग बॉस हाउस में जाने का मौका नहीं मिला, जिसके बाद रिया सोशल मीडिया पर ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। कई ने उन पर अपमानजनक टिप्पणी की, जिसका स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए रिया अहीर ने ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। रिया अहीर ने '140 रुपए' सहित अन्य अपमानजनक टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा- 'कल रात को मैंने एक वीडियो डाला था कि आपके सपोर्ट का बहुत-बहुत धन्यवाद। अब मैं आपको उस सिक्के का दूसरा पहलू बताती हूं। इन्होंने पता नहीं 140 रुपए में ऐसा क्या खरीद लिया है कि मेरा रेट लगा रहे हैं। इन्हें लगता है जैसे मैंने इनकी थाली से कुछ छीन लिया है। इन्हें लग रहा है कि किसी को किन्नर कहकर ये बहुत महान काम कर रहे है। किन्नर हमारे समाज की बहुत मजबूत कम्यूनिटी है, तो मुझे नहीं लगता कि ये कोई गाली है, जैसा कि आपको लग रहा है। रिया अहीर मुंबई की रहने वाली हैं और एक मॉडल, एक्ट्रेस और होस्ट हैं। वह थिएटर, कमर्शियल और म्यूजिक वीडियोज में काम कर चुकी हैं।



### 16 साल तक गोली बनकर जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में गोली का किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाले कुश शाह अब अपनी जिंदगी के एक नए पड़ाव पर पहुंच गए हैं। शो में लंबे समय तक गुलाब कुमार हाथी यानी गोली की भूमिका निभाने वाले कुश ने एक्टिंग से अलग अब डिजिटल दुनिया में कदम रखा है। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जहां वह अपने लिए बिल्कुल अलग तरह का कंटेंट तैयार कर रहे हैं। कुश शाह ने साल 2008 में शुरू हुए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से अपने अभिनय सफर की शुरुआत की थी। वह शो के बच्चों के मशहूर ग्रुप 'टप्पू सेना' का अहम हिस्सा रहे। उनका गोली वाला अंदाज, खाने के प्रति प्यार और दोस्तों के साथ उनकी मस्ती दर्शकों को खूब पसंद आती थी। करीब 16 साल तक इस किरदार को निभाने के बाद कुश ने 2024 में शो को अलविदा कह दिया। कुश के शो छोड़ने की खबर ने उस समय फैंस को काफी भावुक कर दिया था। प्रोडक्शन कंपनी नीला टेलीफिल्म्स की ओर से जुलाई 2024 में उनके शो से अलग होने की जानकारी सामने आई थी।



## आशा का आखिरी गाना 'ऐ मेरी जिंदगी, तू छुपी है कहां' रिलीज

*नई दिल्ली। भारतीय संगीत की दिग्गज गायिका आशा भोसले की 93वीं जयंती का दिन उनके चाहने वालों के लिए बेहद खास बन गया। इसी अवसर पर उनकी आखिरी फीचर फिल्म के लिए रिकॉर्ड किए गए गीत 'ऐ मेरी जिंदगी, तू छुपी है कहां' को रिलीज किया गया। यह गीत निर्देशक हरीश व्यास की फिल्म 'ओम का हरि' का हिस्सा है। फिल्म में रघुबीर यादव, सोनी राजदान और अंशुमन झा अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। गीत के साथ फिल्म का म्यूजिक एल्बम भी लॉन्च किया गया, जिसने इस आयोजन को भावनात्मक और यादगार बना दिया।*

### गीत की खास झलक

ओम का हरि' के म्यूजिक एल्बम की सबसे बड़ी खासियत आशा भोसले की आवाज में रिकॉर्ड किया गया यह गीत है। इसे उनकी फीचर फिल्मों के लिए रिकॉर्ड किए गए आखिरी गानों में शामिल किया जा रहा है। गाने का म्यूजिक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें रिकॉर्डिंग के दौरान स्टूडियो में बिताए गए आशा भोसले के कुछ अनमोल पलों को दिखाया गया है। वीडियो के जरिए दर्शकों को यह देखने का मौका मिलेगा कि आशा भोसले ने फिल्म के इस गीत को किस तरह अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज और रिकॉर्डिंग स्टूडियो के इन पलों ने गाने को सिर्फ एक म्यूजिकल रिलीज न रहकर एक यादगार दस्तावेज जैसा बना दिया है।



**18 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी 'ओम का हरि'** : रघुबीर यादव, सोनी राजदान और अंशुमन झा जैसे कलाकारों से सजी 'ओम का हरि' अपनी कहानी और संगीत के जरिए दर्शकों तक एक अलग अनुभव पहुंचाने की तैयारी में है। फिल्म के म्यूजिक एल्बम में कई पीढ़ियों के कलाकारों की आवाजें शामिल होने से इसकी खासियत और बढ़ गई है। 'ओम का हरि' 18 सितंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

*कई पीढ़ियों के संगीत को एक साथ जोड़ता है एल्बम :* 'ओम का हरि' का म्यूजिक एल्बम फिल्म की कहानी के साथ-साथ भारतीय संगीत की अलग-अलग पीढ़ियों की विरासत को भी जोड़ता है। एल्बम में दिवंगत महान गायक किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार की आवाज में भी गीत शामिल हैं। इसके अलावा परेश पाहुजा ने भी इस फिल्म के लिए अपनी आवाज दी है। फिल्म के मुख्य कलाकार रघुबीर यादव ने भी एल्बम के लिए दो गाने गाए हैं। म्यूजिक लॉन्च के दौरान उन्होंने इन दोनों गीतों की लाइव प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को और खास बना दिया। उनकी परफॉर्मेंस को वहां मौजूद दर्शकों ने खूब सराहा।

## हनुमान अंश का वो बुंदेली भजन, जिसमें छिपी है शिव-पार्वती की अनोखी कहानी

*नई दिल्ली। धार्मिक फिल्मों की बात करें तो इंडिया में बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं जो पौराणिक कथाओं पर आधारिक होती हैं। कई फिल्में बड़े बजट की होती हैं जिनके आने का इंतजार लोग लंबे समय तक करते हैं। लेकिन, कई फिल्में रिलीज के पहले तो नहीं लेकिन बाद में ऐसा कमाल करती हैं कि हर कोई हैरान हो जाता है। आज हम बात करेंगे 7 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म हनुमान अंश की। 2 करोड़ बजट की इस फिल्म अपनी कहानी के साथ ही अपने भजनों को लेकर भी खूब चर्चा में है। खासकर इस फिल्म का एक बुंदेली लोक भजन, जिसमें शिव-पार्वती के विवाह का वर्णन हो रहा है।*



### 2 करोड़ की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका

'हनुमान अंश' की कामयाबी भी अपने आप में एक दिलचस्प कहानी है। फिल्म ने शुरुआत काफी धीमी की थी, लेकिन बाद के हफ्तों में इसकी कमाई ने रफ्तार पकड़ ली। 8 सितंबर तक फिल्म ने भारत में करीब 132.13 करोड़ रुपए नेट और 156.20 करोड़ रुपए ग्रॉस कमा लिए हैं। 31वें दिन ही फिल्म ने 22.75 करोड़ रुपए की नेट कमाई की थी।

### सप्तऋषि पहुंचे थे पार्वती को समझाने

भजन की शुरुआत माता पार्वती की उसी जिद से होती है, जब वह भगवान शिव को अपना पति बनाने का फैसला कर चुकी हैं। उन्हें समझाने के लिए सप्तऋषि पहुंचते हैं और शिव के रूप-स्वरूप और उनके वैरागी जीवन का हवाला देते हुए पार्वती को अपना फैसला बदलने के लिए कहते हैं। गाने में इसी बातचीत को बुंदेली लोक अंदाज में पेश किया गया है।

### पार्वती ने किया शिव से शादी का हठ

फिल्म 'हनुमान अंश' का बुंदेली लोक-भजन 'पार्वती' लोगों का ध्यान खींच रहा है। गाने के बोल हैं 'जब जिद पे आ गई पार्वती, पार्वती, पार्वती, समझाने पहुँचे सप्तऋषि,सप्तऋषि, सप्तऋषि' है। इस भजन में माता पार्वती के भगवान शिव को पति के रूप में पाने की जिद को बेहद ही देसी और बेहतरीन तरीके से पेश किया गया है। इस भजन की भाषा, इसके बोल, देसी साज और साधु तिवारी की आवाज ने इसे दूसरे भजनों से अलग और बेहद खास बना दिया है।

## हैवान के साथ साउथ मूवीज की होगी टक्कर

# 10-11 सितंबर को थिएटर में होगा इन फिल्मों का धमाका

*नई दिल्ली। सितंबर का दूसरा हफ्ता सिने फैंस के लिए खास रहने वाला है। इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर हिंदी, तमिल, तेलुगू समेत कई रीजनल भाषाओं की 11 फिल्मों का धमाका होने वाला है। अक्षय कुमार की हैवान से लेकर साउथ की फिल्में कमाल करने वाली हैं। जानिए बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने वाली इन 11 फिल्मों के बारे में। तो इस बार थिएटर में एक्शन, थ्रिलर, रोमांस और ड्रामा का तड़का देखने को मिलेगा।*

**डेमोंटे कॉलोनी 3** : ये श्राप पर आधारित तमिल हॉरर फिल्म है। इस फिल्म में सुपरनेचुरल शक्तिओं को दिखाया जाएगा। फिल्म 10 सितंबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

**सरदार 2** : सरदार 2 नाम की फिल्म आ रही है। ये फिल्म स्पाई सरदार की है जो एक डेंजरस मिशन पर निकलता है। फिल्म 10 सितंबर को रिलीज हो रही है।

**मंडाली** : तमिल फिल्म मंडाली बोट रेसिंग की कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में इमोशनल एंगल पर फोकस किया गया है। ये इक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है जो 10 सितंबर को रिलीज हो रही है।

**मरेम्मा** : मरेम्मा नाम की तेलुगू फिल्म एक पुराने नियमों और रीतिरिवाजों पर बेस्ड है। फिल्म 10 सितंबर को रिलीज हो रही है।



**हैवान** : अक्षय कुमर और सैफ अली खान की फिल्म हैवान बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने को तैयार है। प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बनी फिल्म हैवान मलयालम फिल्म ओप्पम का हिंदी रीमेक है। ये फिल्म 11 सितंबर शुक्रवार को रिलीज हो रही है।

**फाल्स 2: डेडपॉइंट** : ये एक एडवेंचर बेस्ड फिल्म है। फिल्म में एक ऐसी स्थिति पैदा होती है जो किरदारों की मुश्किलें बढ़ा देती है। ये सर्वाइवल की कहानी है जो 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

**अमेरिका अमेरिका 2** : ये एक कन्नड़ फिल्म है जिसके किरदारों का एक अतीत है। इमोशनल कहानी, रिलेशनशिप की परेशानियों को बयां करती ये फिल्म 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

**नम्मा रेंज रोवर** : कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री ने नम्मा रेंज रोवर नाम की क्राइम थ्रिलर फिल्म बनाई है। फिल्म की कहानी सस्पेंस से भरी है जो 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

**एपिक** : एपिक नाम की एक रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म आ रही है। फिल्म में आनंद देवराकोंडा और वैष्णवी चैतन्या लीड रोल में हैं। फिल्म 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

**सिंह/कौर 2** : पंजाबी फिल्म सिंह / कौर 2 आने वाली है। ये एक रोमांटिक फिल्म है जिसमें आगे फैमिली ड्रामा की वजह बुरी सिचुएशन पैदा हो जाती है।

**रीयूनियन** : रीयूनियन नाम की एक तमिल ड्रामा फिल्म इस 11 सितंबर को थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म की कहानी स्कूल के दिनों के दुश्मनों की है जो सालों बाद मिलते हैं। ये फिल्म 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।